रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ — RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-170 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सीएम साय ने भूमकाल दिवस पर अमर शहीद गुंडाधुर को किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 10 फरवरी को भूमकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आदिवासी जननायक अमर शहीद गुंडाधुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांति का शंखनाद करने वाले गुंडाधुर का बलिदान इतिहास के पन्नों में सदा अमर रहेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 10 फरवरी 1910 को बस्तर के वीर आदिवासियों ने अंग्रेजों के अन्याय और शोषण के खिलाफ भूमकाल विद्रोह का बिगुल फूंका था।

### यूपी विधानसभा का बजटसत्र 18 फरवरी से होगा प्रारंभ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से प्रारंभ होगा। विधान सभा सचिवालय से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी। जारी अधिसूचना के अनुसार भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एतदद्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा को मंगलवार 18 फरवरी 2025 को 11 बजे पूर्वाह्न से विधान सभा मंडप विधान भवन लखनऊ में उसके वर्ष 2025 के प्रथम सत्र के लिए आहूत करती हूं।

### देवेगौड़ा ने मां नैना देवी के किये दर्शन

**नैनीताल।** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने प्रात नैनीताल स्थित मां नैना देवी के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उनका स्वागत किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री शनिवार को नैनीताल पहुंचे। उन्होंने कल प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर में नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। देवेगौड़ा ने नैना देवी मंदिर में मां के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह व उप सचिव प्रदीप शाह की ओर से उनका स्वागत किया गया।

# मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर, 2 जवान शहीद, 2 घायल

**पायनियर संवाददाता < बीजापुर**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 31 नक्सलियों को मार गिराया जबकि इस दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गये तथा दो अन्य घायल हो गये। वहीं बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी सुंदर राज ने भी मुठभेड़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी। इस पूरे मामले व मुठभेड़ पर विस्तृत जानकारी देते हुए सुंदरराज ने बीजापुर मुठभेड़ पर बताया कि जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बीजापुर डिआरजी, एसटीएफ और संयुक्त बल को रवाना किया गया था। रविवार को इस ऑपरेशन के दौरान माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में अब तक कुल 31 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। आईजी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के चार जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद होने वालों में एक डिआरजी और एक एसटीएफ का जवान शामिल है। अन्य दो घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुबह से ही सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हो रही थी पहले 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर आई जो की बढ़कर संख्या 31 नक्सली के मारे जाने की पुष्टि हुई। इस बीच आईजी ने कहा कि साल 2025 में अब तक अलग-अलग मुठभेड़ों में 65 माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं बस्तर पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करने चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। खासकर नया साल तो उनके लिए मौत का बवंडर लेकर आया है। फोर्स के दबाव में नक्सली लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं और मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। जिस तेजी से नक्सली मारे जा रहे हैं और सरेंडर कर रहे हैं उससे लगता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का टारगेट टाइम से पहले भी पूरा हो सकता है। उन्होंने 31 मार्च 2026 को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य तय किया है।

## शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर दिया जायेगा। शाह ने रविवार को 'एक्स' पर कहा, नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। उन्होंने कहा, मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। गौरतलब है कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में आज सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। यह संख्या और बढ़ सकती है। मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये और दो जवानों के घायल होने की भी रिपोर्ट है।

## आतिशी ने उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**एजेंसी < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने अपना इस्तीफा राज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया। आतिशी ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में शनिवार को हुई मतगणना में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को हासिल किया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 22 सीटें मिलीं, जबकि भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सातवीं विधानसभा को भी भंग कर दिया है।

## राष्ट्रपति मुर्मु आज करेंगी प्रयागराज में संगम स्नान



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज प्रयागराज का दौरा करेंगी और महाकुंभ में पावन संगम में डूबकी लगाएंगी और पूजा अर्चना करेंगी। यह जानकारी राष्ट्रपति सचिवालय ने रविवार को दी। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति प्रयागराज की एक दिवसीय यात्रा के दौरान संगम में पवित्र स्नान और पूजा करेंगी। मुर्मु वहां अक्षयवट और हनुमान मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगी तथा डिजिटल कुंभ अनुभव केंद्र भी जाएंगी।

## दिल्ली में नयी सरकार के गठन की कवायद शुरू

**एजेंसी < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा के नेतृत्व ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की नयी सरकार के गठन को लेकर विचार मंथन शुरू कर दिया। दिल्ली के नये मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों के नामों पर विचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवास पर एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाने और केंद्रीय पर्यवेक्षक तय करने पर भी बातचीत होनी है। वहीं भाजपा की दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को शाम पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुलायी है। सचदेवा विधायकों से मिल कर उन्हें बधाई देंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजयी हासिल की है। पार्टी ने 48 सीटें जीत कर 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। इस जीत के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है।

## प्रशांत भूषण ने आप की हार के लिए केजरीवाल को ठहराया जिम्मेदार


**पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



आप के संस्थापक सदस्य प्रशांत भूषण ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के लिए इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया है। भूषण ने दिल्ली विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की तबाही के लिए केजरीवाल पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्टी वैकल्पित राजनीति के लिए गठित की गई थी जिसे पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए पहचाना जाना था। लेकिन केजरीवाल ने इसे जल्दी ही अपने आधिपत्य वाली पार्टी में बदल दिया। यह अपारदर्शी और भ्रष्टाचारी पार्टी में बदल गई। पार्टी ने दिल्ली में लोकपाल नियुक्त करने का प्रयास नहीं किया और पार्टी में अपने लोकपाल को हटा दिया। भूषण ने कहा कि केजरीवाल ने अपने लिए 45 करोड़ रुपए का शीश महल बनवाया और लग्जरी कारों में चलना आरंभ कर दिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपनी ही पार्टी द्वारा गठित विशेषज्ञ समितियों की 33 विस्तृत नीतिगत रिपोर्टों को कूड़े में फेंक दिया।

## किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यताः धनखड़


**एजेंसी < चित्तौड़गढ़**
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की शासन व्यवस्था को किसान के प्रति नतमस्तक बताते हुए कहा है कि किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता है और उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए। धनखड़ यहां अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है और किसान दाता है। उन्होंने कहा किसान की आर्थिक व्यवस्था में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है, बाकी किसान दाता है, किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए क्योंकि किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है। उन्होंने 25 साल पहले हुए जाट आरक्षण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा मैं यहाँ 25 साल बाद आया हूँ, 25 साल पहले इसी जगह पर एक बहुत अच्छा काम हुआ था। सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत की थी, जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिले। यह शुरुआत वर्ष 1999 की थी, समाज के प्रमुख लोग यहां उपस्थित थे। मैं भी उनमें एक था। हमने इस पवित्र भूमि, देवनगरी, मेवाड़ के हरिद्वार में संरचना की, कार्यसिद्धि मिली और आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं। उसी आधार पर, उसी सामाजिक न्याय पर, उसी आरक्षण पर जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। उनको मेरा आग्रह रहेगा; पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें कि इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास की वजह से हमें सामाजिक न्याय मिला।

## अमेरिका ने पहले भी लोगों को किया है निर्वासित पर इस बार का तरीका ठीक नहीं : खट्टर

**पायनियर संवाददाता < भोपाल**
www.dailypioneer.com



अमेरिका से पिछले दिनों वापस भेजे गए भारतीयों के निर्वासन के तरीके पर देश भर में छिड़े विवाद को लेकर केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि अमेरिका ने पहले भी ऐसा किया है, लेकिन इस बार इस प्रक्रिया के तरीके को लेकर ऐतराज दर्ज कराया गया है। खट्टर केंद्र सरकार के बजट से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देने के लिए भोपाल आए थे।उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बजट से जुड़े लगभग सभी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। इसी दौरान देश में अवैध बांग्लादेशियों और उन्हें यहां से निर्वासित किए जाने से जुड़े सवालों पर खट्टर ने कहा कि इस प्रकार अवैध तरीके से किसी भी देश में जाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने आसाम से बहुत से ऐसे लोगों को वापस भेजा है। इसके लिए कई औपचारिकताएं होती हैं। इसी क्रम में उन्होंने अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीयों के संदर्भ में कहा कि अमेरिका ने पहले भी ऐसा निर्वासन किया है, लेकिन इस बार इसके तरीके पर ऐतराज दर्ज कराया गया है।



# महाकुंभ जा रही गाड़ी के खाई में गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, सात घायल

एजेंसी ∢ इटावा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके में मलाजनी के पास महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी के खाई में गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई है जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी घायलों को इटावा और सैफई के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रविवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे महिंद्रा पिकअप गाड़ी से राजस्थान के श्रद्धालु जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात गाड़ी का स्टेयरिंग फेल हो जाने के कारण पिकअप गाड़ी श्रद्धालुओं सहित खाई में जा गिरी। कुल आठ श्रद्धालुओं में से सात गंभीर रूप घायल हो गए, जबकि एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। सभी सातों गंभीर घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रेफर किया गया। दुर्घटना में सरोज सेन 50 वर्ष पत्नी अरुण सेन, अरुण सेन 65 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश, मंजू उम्र 40 पत्नी केसर सिंह, केशव सिंह (गाड़ी चालक) उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र जस्सू सिंह, नीलम उम्र करीब 48 वर्ष पत्नी चंद्रकांत, किरण उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी स्वर्गीय अशोक कुमार,भंवर सिंह उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल, लक्ष्मी उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी भंवर सिंह सभी निवासी मोहल्ला बजाज ग्राम शामली थाना सदर सीकर जिला सीकर राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां रास्ते में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी की मौत हो गई। घायल सरोज सेन और किरण की हालात चिंताजनक बताई गई है। चालक केसर सिंह ने बताया कि गाड़ी का स्टेरिंग फेल हो जाने और ब्रेक न लगने के कारण यह दुर्घटना हुई है।

# दिल्ली चुनाव में जनता के नकारे देने पर कांग्रेस को याद आए हिंदू : राठौड़

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बंगलादेश हिंसा पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब कांग्रेस नेताओं को एक बार फिर हिंदू याद आने लगे है। राठौड़ ने रविवार को भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव में तुष्टीकरण के चलते धर्म विशेष को खुश करने के लिए इतने दिन किसी भी कांग्रेस नेता के मुंह से बंगलादेश हिंसा पर एक शब्द नहीं निकला लेकिन दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद एक बार फिर कांग्रेस नेताओं ने छद्म हिंदुत्व का राग अलापना शुरू कर दिया है। सदैव तुष्टीकरण की बात करने वाले भी अब हिन्दु हितों की बात करने लगे हैं यह अच्छी बात हैं। उन्होंने कहा कि बंगलादेश हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार कूटनीतिक रूप से वहां की सरकार पर दवाब बना रही है। केन्द्र सरकार एवं विदेश मंत्रालय में समय समय पर बंगलादेश के दूतावास एवं बंगलादेश सरकार को हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को रोकने का कड़ा सन्देश दिया हैं साथ ही विदेश मंत्रालय पूर्ण स्थिति पर निगाह बनाऐ हुऐ है। केन्द्र सरकार के साथ ही भाजपा ऐसी अमानवीय घटनाओं की पूर्णतः रोकथाम के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के अनेक लोकतांत्रिक देशों से बात कर उन देशों द्वारा भी बंगलादेश पर यथोचित दबाव बनाने का निरन्तर प्रयास किया हैं। केन्द्र सरकार के इन प्रयासों के कारण ही बंगलादेश में निर्मम अमानवीय हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगा हैं। राठौड़ ने राज्य सरकार के पुजारियों के मानदेय बढोतरी के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण किया था, एक ही धर्म को आगे बढाने का कार्य किया। हम सभी धर्मो का सम्मान करते है। मंदिरों को कांग्रेस सरकार ने कोई सहयोग नहीं किया उल्टा मंदिरों पर टैक्स लगाए। देवस्थान विभाग ने अंडरटेकिंग करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पवित्र स्थल कुंभ में जाकर मंत्रिमंडडल की बैठक की और पुजारियों का मानेदय बढाया। उन्होंने कहा कि यह सही है कि असत्य ज्यादा दिन नहीं चल सकता। अन्ना हजारे के आंदोलन से उपजी देशवासियों की भावनाओं को केजरीवाल ने हथियार बनाया और आम आदमी के नाम का सहारा लेकर दिल्ली की सत्ता हासिल की। इसके बाद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए थे। उनके ऐसे कारनामो को देखकर लगता है कि आम आदमी पार्टी का लंबा भविष्य नहीं है। दिल्ली चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि मोदी ही स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकते है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के बाद अब बिहार के चुनावों में भी भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

# अलवर टाइगर मैराथन में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

एजेंसी ∢ अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अलवर में आयोजित अलवर 'टाईगर मैराथन' दौड़ में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किये गये। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि अलवर टाइगर मैराथन के 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एथलीट पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे कालीदास लक्ष्मण को पदक के साथ दो लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर रहे शेर सिंह को पदक के साथ एक लाख 25 हजार रूपए, तृतीय स्थान पर रहे हेमंत सिंह को पदक के साथ 75 हजार रुपए प्रदान किये गये। इसी प्रकार चतुर्थ स्थान पर रहे एल चंगदेव एच को पदक के साथ 60 हजार रुपए, पंचम स्थान पर रहे सुनील यादव को पदक के साथ 40 हजार रुपए और छठे से 20 वे स्थान तक रहे विजेताओं को पदक के साथ 10 हजार रुपए प्रदान किये गये। उन्होंने बताया कि 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एलीट महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रही नीतू कुमारी को पदक के साथ दो लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर रही चत्रु को पदक के साथ एक लाख 25 हजार रुपए, तृतीय स्थान पर रही रीमा पटेल को पदक के साथ 75 हजार रुपए, चतुर्थ स्थान पर रही अंजलि देवी को पदक के साथ 60 हजार रुपए, पांचवें स्थान पर रही मीना चौधरी को पदक के साथ 40 हजार रुपए और छठे से 20वें स्थान तक रहीं विजेताओं को पदक के साथ 10 हजार रुपए प्रदान करके सम्मानित किया गया। गुप्ता ने बताया कि इसी श्रृंखला में 21 किलोमीटर ग्रुप रन में प्रथम स्थान पर रहे राकेश कुमार भाडवा को पदक के साथ एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर रहे रणजीत एन को पदक के साथ 80 हजार रुपए, तृतीय स्थान पर रहे देवाड़कर अभिषेक राजाराम को पदक के साथ 60 हजार रुपए का, चतुर्थ स्थान पर सत्यजीत मेधी को पदक के साथ 45 हजार रुपए, पांचवें स्थान पर रहे करांदे गुरुनाथ सागर को पदक के साथ 35 हजार रुपए प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## एनईपी को खारिज करने पर तमिलनाडु से राजनीतिक बदला ले रही है केन्द्र सरकार : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने राज्य की ओर से एनईपी-2020 को खारिज करने पर



केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर राजनीतिक दंड देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र सरकार का अन्यायपूर्ण रवैया सभी सीमाओं को पार कर गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्र पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने एक बार फिर खुद को तमिलनाडु और उसके लोगों के प्रति अन्याय और घृणा का चेहरा साबित कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'केन्द्र की भाजपा सरकार का तमिलनाडु के प्रति अन्यायपूर्ण रवैया बेबुनियाद है। 'उन्होंने कहा कि 'एनईपी 2020 और तीन-भाषा नीति को लागू करने से इनकार करने के लिए उन्होंने खुलेआम ब्लैकमेल का सहारा लिया, तमिलनाडु के छात्रों के लिए 2,152 करोड़ रुपये छीन लिए और अब इसे अन्य राज्यों को सौंप दिया है।

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की उद्गम स्थली है बिहार : राज्यपाल

एजेंसी ∢ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बिहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की उद्गम स्थली है। आरिफ ने रविवार को जीटीआरआई 5.0 संवाद के समापन सत्र में कहा, सदियों के विदेशी शासन के कारण हमारे अंदर हीन भावना विकसित हो गई है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी सभ्यता 5,000 साल पुरानी है। इसलिए, हमें समाधान के लिए बाहर नहीं, बल्कि अपने भीतर देखना चाहिए। हमें अपनी सांस्कृतिक मान्यताओं से फिर से जुड़ने और सभी चुनौतियों पर विजय पाने के लिए उन्हें अपनाने की जरूरत है। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि वेद, भगवद गीता और उपनिषदों के रूप में हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा हमें रंग, भाषा या पंथ जैसे विभेदकारी तत्वों की बजाए आत्मा केंद्रित एकता की सीख देती है। हमारी सभ्यता विविधता में एकता में विश्वास करती है। जी.टी.आर.आई. क्यूरेटर अदिति नंदन के साथ एक सारगर्भित बातचीत में राज्यपाल ने बिहार के अपने शुरुआती अनुभव को याद किया। उन्होंने जेपी आंदोलन में अपनी सक्रिय भागीदारी की यादें भी साझा कीं जिसके कारण उनका अक्सर पटना आनाजाना होता था। इस अवसर पर राज्यपाल ने जी.टी.आर.आई. द्वारा प्रकाशित बिहार जर्नल के दूसरे संस्करण का भी अनावरण किया। दूसरे दिन की पहली पैनल चर्चा में द इंडियन एक्सप्रेस, दिल्ली के उप संपादक अमिताभ सिन्हा ने कहा कि आज मीडिया का परिदृश्य अधिक लोकतांत्रिक हो गया है।

## शराबी व्यक्ति ने गर्भवती महिला को ट्रेन से धकेला

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक गर्भवती महिला को शराबी व्यक्ति द्वारा चलती ट्रेन से धकेल देने की घटना पर शोक व्यक्त किया और महिला को तीन लाख रुपये की सहायता राशि तथा उसका पूरा उपचार कराने की घोषणा की। स्टालिन ने एक बयान में कहा कि छह फरवरी को बदमाश हेमराज कोयबंटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में जोलारपट्टी रेलवे स्टेशन से बैठा और महिलाओं के डिब्बे में घुस गया जहां वह अकेली यात्री थी। बदमाश ने महिला के साथ दुराचार करने की कोशिश की जिसका महिला ने विरोध किया। इसके बाद बदमाश ने महिला को चलती ट्रेन से नीचे धकेल दिया। स्टालिन ने कहा कि इस घटना में महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

एजेंसी ∢ झुंझुनू
www.dailypioneer.com




राजस्थान में झुंझुनू जिले के मंडावा थाना क्षेत्र में पिकअप और कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। थानाधिकारी रामपाल मीणा ने बताया कि पिकअप झुंझुनू की तरफआ रही थी कि ढाका का बास बस स्टैंड के पास एक बस को ओवर टेक करने के प्रयास में विपरीत दिशा से आ रही कार के साथ ही एक मोटरसाइकिल से पिकअप टकरा गयी। इससे कार में सवार युवक ओम प्रकाश जांगिड़ की मौत हो गयी जबकि लोकेश और मोहम्मद उम्मेद घायल हो गये। उन्हें निकट के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें झुंझनू भेज दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# हादसे के बाद लगी आग में ट्रेलर चालक की जलकर मौत

एजेंसी ∢ चित्तौड़गढ़
www.dailypioneer.com



राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा सदर थाना क्षेत्र में रविवार को फ्लाई ओवर पर एक ट्रक ट्रेलर के अनियंत्रत होकर दीवार से टकराने से लगी आग में चालक की जलकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे थाने के समीप स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाई ओवर पर चढ़ रहा एक ग्रेनाइट भरा ट्रेलर अचानक सामने आई मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में फ्लाई ओवर की दीवार से जा टकराया। जिससे उसमें आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक अजमेर निवासी शराबुद्दीन को केबिन से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और उसकी अंदर ही जलकर मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस और अन्य राहगीरों ने चीखें सुनी, लेकिन आग की तीव्रता के आगे कोई कुछ नहीं कर सका। तीन दमकलों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। शव को निम्बाहेड़ा चिकित्सालय ले जाया गया। इससे पहले चालक ने जलते समय ट्रेलर के अंदर से ही अपने मालिक और परिजनों को फोन कर दिया जो निम्बाहेड़ा पहुंच रहे हैं। शव पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौंप दिया जाएगा।

# एसपीए ने भाजपा, आरएसएस, विहिप पर लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने का लगाया आरोप

एजेंसी ∢ चेन्नई
www.dailypioneer.com




तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों पर लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने का आरोप लगाया और धर्मनिरपेक्षता और लोगों की एकता को कायम रखने का संकल्प लिया। उन्होंने द्रमुक महासचिव और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और एसपीए के 11 अन्य गठबंधन दलों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त बयान में कहा कि तमिलनाडु भारत के बहुलवाद और धार्मिक सद्भाव के सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक है। बयान में कहा गया है कि इसका प्रमाण यह है कि राज्य में सभी धर्मों के लोग सभी पूजा स्थलों पर पूजा करते हैं जिनमें भगवान मुरुई के छह निवासों में से एक पलानी की पहाड़ी पर स्थित पलानींदावर मंदिर, मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर, अन्नाई वेलंकन्नी मंदिर, नागोर दरगाह और इरवाडी दरगाह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कुछ संगठन लगातार धार्मिक मतभेद पैदा करने और राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों, आरएसएस, विहिप और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों के लिए लोगों को धार्मिक आधार पर व्यवस्थित रूप से बांटना और उससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करना एक दिनचर्या बन गई है। नेताओं ने आरोप लगाया, ''वे बाबरी मस्जिद और अजमेर दरगाह के रूप में ऐसी विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं और उनका अगला लक्ष्य तमिलनाडु है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भी पिछले अन्नाद्रमुक शासन के दौरान भाजपा के समर्थन से छोटे-छोटे दक्षिणपंथी संगठन उभरने लगे हैं और आगे बढ़ने लगे हैं। पिछले तीन वर्षों से दबाए गए लोगों ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी विभाजनकारी राजनीति शुरू कर दी है। नेताओं ने बयान में जनता से अपील करते हुए आरोप लगाया, ''वे भाजपा के चुनावी लाभ को भुनाने के लिए तमिलनाडु की एकता को तोड़ने की योजना बना रहे हैं और साजिशें रच रहे हैं।

10 Feb 2025 Pride Of Raipur






























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# 15 में वित्त योजनान्तर्गत 11.50 लाख रुपए हुए खर्च

## बिना उपयोग कबाड़ हो रहा नालामैन, खरीदी के बाद से अब तक नहीं हुआ उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चारामा में भ्रष्टाचार की परतें एक-एक करके खुलते जा रही है। शासन की ओर से नगर के विकास कार्यों के लिए भेजे जाने वाले पैसों का नगर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी के द्वारा आपसी सांठगांठ करके जमकर भ्रष्टाचार करते हुए अपनी जेब भरा जा रहा है। वर्ष 2022 में 15 वें वित्त योजनान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत राशि से 11.80 लाख रु. की बड़ी धनराशि से नालामेन नाला सफाई मशीन खरीदा गया है। इस नालामेन नाला सफाई मशीन की हालात देखकर लगता है कि शासन की योजनाओं के पैसों का बड़ी बेरहमी के साथ दुरुपयोग किया गया है। इसमे दिलचस्प बात यह है कि नालामेन मशीन की खरीदी 2022-23 में खरीदी के बाद से आज तक उस मशीन को एक बार भी चालू करके नहीं देखा गया है। और वर्तमान में यह मशीन तहसील कार्यालय के पीछे कचड़े में धूल खाने के लिए खड़ी कर दी गई है जिससे उसके उपयोग के अभाव में





कलपुर्जे खराब भी हो रहे है।

नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 15 में वित्त योजनान्तर्गत उपलब्ध राशि से 11.80 लाख की कीमत का नालामेन महीन की खरीदी को नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जनहित का मामला बताते हुए उच्चाधिकारी को उक्त मशीन की खरीदी के लिए स्वीकृति बावत् बकायदा पत्र भी लिखा गया है। जबकि जनहित की बात तो दूर धरातल पर 11.80 लाख रु की उक्त मशीन का कोई उपयोग आज तक हुआ ही नहीं है और न ही भविष्य में उस मशीन का कोई सार्थक उपयोग होता दिखाई पड़ रहा है क्योंकि नगर की सकरी गलियों में उस मशीन को घुसाना संभव नही है उस मशीन को चलाने के लिए पर्याप्त जगह की आवश्यकता होती है। इस प्रकार नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मिलीभगत के चलते शासन की योजनाओं से मिलने वाली बड़ी धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। जबकि उस धनराशि से जनहित का कोई अन्य कार्य किया जा सकता था। आपको बता दे कि उक्त नाला मेन मशीन का निर्माण छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित अमन कलीनिग इक्विपमेन्ट प्रालिमि नोएडा में किया गया है एवं धमतरी के मितराय इंटरप्राईजे धमतरी के द्वारा नगर पंचायत चारामा को विक्रय किया गया है। नालामेन मशीन के नाम पर मात्र एक ट्राली है जिसमें हाईड्रोलिक सिस्टम लगाया गया है जिसे अन्य किसी मशीन या ट्रेक्टर से चलाया जाना है। ऐसे ही मशीन निर्माण से जुड़े जानकारों ने बताया कि नगर पंचायत बारामा द्वारा खरीदे गये नालामेन मशीन को बनाने में लगभग 4-5 लाख रू. का अनुमानित खर्च आएगा 11.80 लाख रु. में यह मशीन दोगुने तिगुने दामों में खरीदा गया है। फिलहाल मशीन की कीमत जाँच का विषय है और वर्तमान में या मशीन अनुपयोगी साबित हो रही है और बौर-धीरे कबाड़ में तबदील हो रही है। शासन के पैसों का दुरूपयोग होते आसानी से देखा जा सकता है। बस कमीशन खोरी की नियत से बिना कार्ययोजना के उक्त मशीन खरीदी गई, जो जाँच का विषय हैं।

# थाना अनंतपुर पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले का किया चलान



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

थाना अनंतपुर में अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं रूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव व थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर व स्टाफ द्वारा आगामी नगरी निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गाड़ियों की चेकिंग करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट कार्यवाही के दौरान छोटे बड़े वाहनों को रोककर उनके गाड़ी से संबंधित दस्तावेजों को चेक किया गया। जिनके पास दस्तावेज नहीं होने से उनका चलानी कार्यवाही करते हुए कुल 22 प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 6600 रुपए का चलानी कार्यवाही किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अखिलेश धीवर द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने, मोटर साइकिल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चलाना अपराध है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रिटर्निंग अधिकारी से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव के तहत होने वाले नगर पंचायत चुनाव में चुनाव प्रचार सामग्री में छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है जिसकी लिखित शिकायत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी से किया गया है। अपने लिखित शिकायत में कांग्रेस ने बताया कि नगर पंचायत चारामा में चुनाव हेतु प्रयुक्त चुनाव प्रचार सामग्री पोस्टर में लिखे नारों को कांट-छांट करते हुए पोस्टर के साथ छेड़छाड़ किया गया और उस पोस्ट को सोशल मीडिया में वायरल भी किया जा रहा है, जिसके कारण पोस्टर में लिखे नारों का अर्थ ही बदल गया है। इस प्रकार के कृत्य से नेशनल कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत




नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज एवं क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी की छवि खराब हो रही है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा लगाये पोस्टर में सिर्फ सेवा और सम्मान को काट कर सिर्फ पैसा कमाने लिखकर भाजपा नेताओं के द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। चूंकि वर्तमान में निर्वाचन आदर्श आचार संहिता लागू है। अतः चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु चुनाव प्रचार सामग्री में छेड़छाड़ करने के लिए जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी चारामा से नगर पंचायत चारामा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्यारे लाल देवांगन, भाजपा चारामा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू तथा सोशल मीडिया में वायरल करने वाले परमेश्वर यादव के विरूद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की हैं।

# किसकी चल रही हवा किसकी उड़ेगी हवाईयां, प्रत्याशी बैचेन जनता खामोश

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

संभवतः दंतेवाड़ा में यह पहला पालिका चुनाव होगा जहां अब तक किसकी लहर चल रही है इसका अनुमान राजनीतिक पंडित भी निकालने पशोपेश में हैं। पहले कहा जाता था कि फूल छाप कांग्रेसी बढ़ गए हैं लेकिन इस बार पंजा छाप कमल भी दिखने लगे हैं। दूसरी ओर बागियो ने तूफान मचा रखा है और यह कहना गलत नहीं होगा कि ये समीकरण बिगाड़ेंगे। कुछ वार्डो में तो निर्दलीय चुनौती दे रहें हैं और यह कहना ज्यादा गलत भी नहीं होगा कि भारी उलटफेर करते निर्दलीय दोनों प्रमुख सियासी दलों पर जीत दर्ज कर लें। एक ओर जहां भाजपा में सीटों के बटवारे मामले में गड़बड़ी



दिखाई दी वहीं कांग्रेस ने बिल्कुल नए चेहरे को अवसर देकर पुराने कांग्रेसियों को नाराज किया हैं। दोनों ही दलों में स्थिति कमोबेश एक सा है जिसका नुकसान दोनों ही दलों को हो सकता है और निर्दलीय भारी पड़ सकते हैं। कहा भी जाता है दो की लड़ाई में तीसरे को फायदा होता है। प्रचार के मामले में दोनों ही प्रमुख दल अपनी ताकत लगा रहें हैं। इस पालिका चुनाव के प्रचार अभियान की बागडोर महिलाओं ने सम्हाल रखा है इसी वजह से यह चुनाव अब तक के किसी भी चुनाव से अलग दिखाई पड़ता है। बहरहाल, अंतिम दो दिनों में जो खेला होता है जगजाहिर है रातोरात समीकरण बदल जाते है। देखना होगा जनता जनार्दन किसको हवा देती है और किसको हवा में उड़ा देती है यह आने वाले 18 फ़रवरी को सामने होगा।

## रंजीता ध्रुव को मिला सरपंच पद के लिए चुनाव चिन्ह, प्रचार में जुटी

**दंतेवाड़ा ।** आसन्न सरपंच चुनाव की बिगुल फूंकते ही हारम पंचायत सरपंच पद की लोकप्रिय प्रत्याशी रंजीता ध्रुव ने ग्रामीणों से सीधा



संपर्क साधना शुरू कर दिया है। बता दें कि हारम 01 के लिए नामांकन के साथ ही अपनी प्राथमिकताओं के साथ मैदान में हैं। पूर्व के कार्यों से ग्रामीणों की नाराजगी को दूर करने का वादा लेकर चुनावी रण में अव्वल दिखाई पड़ रही हैं और अनेक ग्रामीणों ने बदलाव का मन बनाते रंजीता ध्रुव को समर्थन देने की बात कही है। इस चुनाव में उन्हें ताला और चाबी चुनाव चिन्ह मिला है और वे समर्थन की अपील करते अवसर देने की बात मतदाताओं से कहती है।

# श्रमिकों एवं कर्मचारियों को मतदान के लिए मिलेगा सवैतनिक अवकाश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिक निगम, नगरपालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष सहित पार्षद पदों के निर्वाचन हेतु सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार और त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के निर्वाचन हेतु सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार, 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार एवं 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को मतदान की तिथि निर्धारित है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के जारी दिशा-निर्देशों के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश मंजूरी में उल्लेखित प्रावधानुसार नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों एवं संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिकों एवं कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 11 फरवरी 2025, 17 फरवरी 2025, 20 फरवरी 2025 एवं 23 फरवरी 2025 को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दिए जाने प्रावधानित किया गया है।

# सभी बदमाशों पर है पुलिस की पैनी निगाह

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती चुनाव 2025 के मद्देनजर एवं आदर्ष आचार संहिता के पालन में चुनाव दौरान, शहर में संदिग्ध गतिविधियो पर रोक एवं शांति व्यवस्था हेतु लगातार कार्यवाही कर,अपराध नियंत्रण की कार्यवाही एवं शाति व्यवस्था स्थापित हेतु लगातार अभियान जारी है। इसी कडी में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल* के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद वानंद सिंह एवं थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में आज दिनांक 07.02.2025 को शहर के थाने कोतवाली, बोधघाट, परपा के सभी निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, असामाजिक व उपद्रवी तत्वों को



थाना तलब कर, थाना कोतवाली परिसर में उनके रहन-सहन एवं वर्तमान में कहाँ पर क्या काम कर रहे है, जीवन यापन का क्या साधन है और कोई नये अपराध में शामिल तो नहीं है। इस विषय पर विस्तृत पुछताछ कर सभी को सख्त हिदायत दिया गया। एवं किसी भी तरह के अप्रिय घटना घटित नही करने तथा शहर में चुनाव दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने की समझाईस देकर छोडा गया है।

# चुनाव नजदीक आते देख घबराये हुए लोगों द्वारा बैनर पोस्टर फाड़ा जा रहा है : झूमुक दीवान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



चुनाव को नजदीक देख घबराये हुए लोगों द्वारा कांग्रेस पार्टी के झंडा बैनर व कांग्रेस प्रत्याशियों का फ्लैक्स पोस्टर फाड़ा जा रहा है जो की निंदनीय है कोंडागांव शांत जगह है शांतिपूर्ण ढंग से यहाँ चुनाव संचालित हो रहा है परन्तु कुछ लोग नहीं चाहते की शहर मे शांति क़ायम रहे इसलिए अज्ञात लोगों द्वारा हमारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को उकसाने के उद्देश्य से कांग्रेस के झंडा बैनर को फाड़ा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने पुलिस अधीक्षक कोंडागांव को लिखित आवेदन कर पुलिस गस्त बढ़ाते हुए शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने अपील किया है साथ ही वे लोग जो शांति पूर्ण तरिके से चुनाव नहीं होने देना चाहते उन पर निगरानी रखे जाने की अपील की है। झूमुक दीवान ने कहा की चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष मे है शहर वासी अध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद प्रत्याशीयों को जनसंपर्क में अपार स्नेह समर्थन दे रहें हैं जिनका आशीर्वाद स्वरूप वोट भी मिलेगा जिसे देख प्रतिद्वन्दी घबराये हुए हैं और झंडा बैनर फाड़ने जैसी कृत्य कर रहें हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसे कृत्यों से घबराने वाले नहीं हैं हम अपनी बातों को लेकर जनता के बिच जायेंगे और नगरपालिका में पार्षद सहीत अध्यक्ष कांग्रेस का बनाएंगे।

## आंगनबाडी कार्यकर्त्ता से बदसलूकी, कार्यकर्ताओं में रोष

**दंतेवाड़ा।** महिला बाल विकास विभाग बारसूर की सुपरवाइजर ऋषिका नेताम के द्वारा ग्राम कसौली स्कूल पर आंगनवाड़ी में निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से अपशब्द व अभद्रता से बात करने का मामला सामने आया है इस अशोभनीय घटना के बाद कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारी परियोजना अधिकारी को किया गया लेकिन वे भी सुपरवाइजर का पक्ष लेने लगे इस घटना से कसूरी सेक्टर के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लामबंद हो गए हैं।

# सीआरपीएफ बटालियन 219 ने ग्रामीणों को जरूरत का समान वितरण किया





पायनियर संवाददाता ◄ कोंटा
www.dailypioneer.com

सुरज पाल वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सी.आर.पी.एफ, रेंज कोन्टा के मार्गदर्शन एवं पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेंट 219 बटालियन सी.आर. पी.एफ के निर्देशन में ई/219 बटालियन के कोत्ताचेरू कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आगामी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ जल के संरक्षण हेतु ग्राम कोत्ताचेरू, सरपंचपारा, कुर्तीपारा, पटेलपारा, भंडारपदर, बंकुपारा तथा आसपास के ग्रामीणों को उनके जरूरतों के अनुसार वाटर सिंटेक्स के वितरण के साथ ही गांव के बच्चों एवं स्कूली छात्रों को स्कूल वर्दी, नोटबुक, रबड़, पेन्सिल, शॉर्पनर, पेन्सिल बॉक्स, पेन, स्कूल बैग, गाँव के पुरूषों को गमछा, लूंगी तथा महिलाओं को साड़ी, बुजुर्गों को कम्बल, ग्रामीणों को चप्पल, खाने के लिये स्टील प्लेट ग्लास, खेती मे काम करने के लिये फावड़ा, गैती, मनोरंजन हेतु टेलीविजन, आवागमन हेतु साइकिल, घरों की रोशनी के लिये सोलर लालटेन व युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने व उनके मनोबल को बढ़ाने हेतु खेल सामग्रीयों जैसे क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट, फुटबॉल आदि सामानों का वितरण किया गया।

# गुम महिला व उसके बच्ची को फरसगांव पुलिस ने किया दस्तयाब

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रार्थी मस्सूराम मरकाम निवासी पुसापाल नयापारा उम्र 37 वर्ष ने 17 जनवरी को थाना में गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि प्रार्थी के पत्नी हिराबत्ती मरकाम उम्र 32 वर्ष ने 10 जनवरी को घर से बिना बताये अपने 07 वर्ष के बच्ची के लेकर नकली थी। जिसका आस पास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया। कहीं नही मिलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान कमांक 04/2025 17 जनवरी को कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान महिला होने से मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए गुम युवती की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से) के सख्त आदेश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल



के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में लगातार हर संभव पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान गुम महिला का सूचना केशकाल में मिलने पर केशकाल जाकर गुम इंसान हिरबत्ती मरकाम पति मस्सूराम मरकाम उम्र 32 वर्ष निवासी पुसापाल थाना फरसगांव व उसके 7 वर्ष की बच्ची को दस्तयाब बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपूर्द किया गया। जिसमें परिजन गुम इंसान व 07 वर्ष की बच्ची को अपने बीच पा कर खुसी से थाना फरसगांव पुलिस का अभार व्यक्त किये। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, प्रधान आरक्षक 54 मुपेन्द्र साहु म.प्र. आर. 3073 सरस्वती यादव, आर. 378 अजरंग बघेल की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की तर्ज पर संवारेंगे रायपुर नगर निगम को: विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने राजधानी में किया विशाल रोड शो




पायनियर संवाददाता ॰ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी में जन आशीर्वाद यात्रा के नाम से रोड शो किया। मुख्यमंत्री साय दोपहर रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भनपुरी चौक पहुंचे जहां से प्रचार रथ निकला। जन आशीर्वाद रैली के माध्यम से रायपुर निगम में महापौर हेतु मीनल चौबे और भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया।

जन आशीर्वाद यात्रा रैली के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ ना सिर्फ हम छत्तीसगढ़ वासियों का अपितु भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सपनों का प्रदेश है। उनका स्वप्न था कि छत्तीसगढ़ को देश के उत्कृष्ट राज्यों में शामिल करना। प्रदेश के सर्वांगीण विकास जैसे अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतर जीवन शैली , आधुनिकीकरण जैसी विभिन्न सुविधाओं से संपन्न प्रदेश का निर्माण अटल जी का स्वप्न था और इसलिए भारतीय जनता पार्टी का मुख्य स्लोगन है हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। रायपुर नगर निगम को लेकर भी हमारा लक्ष्य है देश की सर्वश्रेष्ठ नगर निगम में शुमार करना है। सीएम साय ने कहा हमने सदैव जनता से किए वादे सिरे से पूरे किए हैं चाहे बात महतारी वंदन योजना की हो, किसानों को बोनस देने की या गरीब के सर पर पक्की छत का सपना पूरा करने की, हमने हर वादे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज प्रदेश के धर्म प्रेमियों को हम रामलला दर्शन की योजना के माध्यम से हजारों प्रदेश वासियों को निशुल्क अयोध्या में निर्मित भव्य श्री राम मंदिर का दर्शन करवाया। उन्होंने आगे कहा कि रायपुर नगर निगम के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर छोड़िए हम रायपुर निगम को नए सिरे से संवारेंगे और जन सुविधाओं को तरस रही रायपुर निगम की जनता को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता है।

# रायपुर पुलिस ने 20 लाख के 100 गुम मोबाईल मालिकों को लौटाया

पायनियर संवाददाता ॰ रायपुर
www.dailypioneer.com



गुम मोबाईल फोन की बरामदगी सुनिश्चित करते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को गुम मोबाईल फोन को ढूंढ कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थानों की संयुक्त टीम द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत गुम मोबाईल फोन के आवेदनों पर गुम हुए मोबाईल फोन को ढूंढने का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा गुम हुए कुल 100 नग मोबाईल फोन को प्रदेश सहित अन्य राज्यों के अलग-अलग स्थानों से ढूंढ कर बरामद किया गया। कुल 100 नग मोबाईल फोन कीमती लगभग 20 लाख रूपये बरामद कर आज दिनांक 08.02.2025 को मोबाईल फोन को उनके स्वामियों को वितरित किया गया। गुम हुए मोबाईल फोन को बरामद करने के दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर वर्तमान में चला रहे मोबाईल धारक से गुम होने की मोबाईल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर उसे सायबर सेल रायपुर में जमा करने कहने पर मोबाईल धारक द्वारा मोबाईल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोबाईल धारक को तस्दीक कराकर उनसे मोबाईल फोन बरामद कर थाने में जमा कराया। उसके पश्चात् अन्य राज्यों एवं विभिन्न जिलों से मोबाईल फोन को कुरियर के माध्यम से मंगाया गया। इस दौरान कुछ मोबाईल धारको को गुम मोबाईल चलाये जाने के बारे में बताये जाने पर उनके द्वारा स्वयं से भी कुरियर कराया गया है। रायपुर पुलिस द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मोबाईल फोन बरामद किया गया। जिसमें से उड़ीसा, महाराष्ट, मध्य-प्रदेश, झारखण्ड तथा बिहार से मोबाईल फोन बरामद किया गया। वर्ष 2024 - 25 में अब तक 02 करोड़ 85 लाख रूपये कीमत के कुल 1351 नग गुम हुए मोबाईल फोन को मोबाईल फोन स्वामियों को वापस किया गया है। रायपुर पुलिस समस्त जनता से अपील करती है, कि मोबाईल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल 222.ष्ह्वद्बह्ल.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल में गुम होने के संबंध में जानकारी भेजे एवं अपने नजदीकी थाना/सायबर सेल से संपर्क करें।

# जिले में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पादित

पायनियर संवाददाता ॰ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 प्रदेश में 9 फरवरी 2025 को आयोजित की गई। जिसमें गरियाबंद जिले में 7 केन्द्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों में 2 हजार 13 परीक्षार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रवेश पत्र जारी किये थे। इन परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली में 1334 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 679 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में 1316 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 697 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों ली गई। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर अंजलि खलखो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। जिले में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 सफ्लतापूर्वक सम्पादित किया गया।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने ली रायपुर जिले के मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ॰ रायपुर
www.dailypioneer.com



आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सेजबहार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में चुनावी प्रक्रिया की सुचारू रूप से संचालन के लिए किए जा रहे व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई । राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह , नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद उपस्थित थे। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने नगरीय निकायों एवं त्रि स्तरीय पंचायतों के मतदान केंद्रों, ईवीएम मशीनों की व्यवस्था, निर्वाचन प्रबंधन, सुरक्षा प्रबंधन, मतदान कार्मियो की उपलब्धता, ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग और मतदाता जागरूकता अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में मतदाता एक ही ईवीएम मशीन के माध्यम से दो बार वोट डालेंगे, एक महापौर/अध्यक्ष और दूसरा पार्षद के लिए। उन्होंने मतदाताओं को इस प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो।

# व्यय प्रेक्षक ने किया नगरीय निकाय निर्वाचन में व्यय लेखा की जांच

पायनियर संवाददाता ॰ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद स्थानीय निर्वाचन नगर पालिका परिषद् गरियाबंद एवं नगर पंचायत छुरा, देवभोग, फिंगेश्वर, राजिम एवं कोपरा का नगरीय निकाय निर्वाचन प्रथम लेखा जांच 03 फरवरी 2025 व द्वितीय लेखा जांच 8 फरवरी 2025 को व्यय प्रेक्षक जी. आर. देवांगन की उपस्थिति में की गई। इस दौरान व्यय के नोडल पी.सी. खलखो, सहायक नोडल पूरन लाल पुसरिया सभी निर्वाचन व्यय संपरीक्षक दुष्यंत कुमार (गरियाबंद) जितेन्द्र कुमार (छुरा), ऋषि कुमार साहू (फिंगेश्वर), मनोज कुमार शर्मा (राजिम) जे.डी. वैष्णव (कोपरा) रतन साहू (देवभोग) द्वारा किया गया। व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित दिशा-निर्देश प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय सीमा बिल व्हाउचर एवं बैंक पासबुक, व्यय रजिस्टर संधारण करने व निर्वाचन व्यय में विभिन्न सामग्रियों के लिये मानक निर्धारित दरों से व्यय किये जाने का जानकारी दिया गया।

# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाया गया वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान



पायनियर संवाददाता ॰ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वारंट तामिली का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करने का कार्य संपादित किया गया। संपूर्ण अभियान के तहत पुलिस की टीम द्वारा वारंटियों के निवास, छिपने के संभावित ठिकानों में आकस्मिक दबिश दिया गया। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली में 12 स्थाई वारंट, थाना पलारी में 06 स्थाई वारंट, थाना भाटापारा शहर में 04 स्थाई वारंट, थाना भाटापारा ग्रामीण में 04 स्थाई वारंट, थाना सिमगा में 05 स्थाई वारंट, थाना कसडोल में 11 स्थाई वारंट, थाना लवन में 04 स्थाई वारंट, थाना गिधपुरी द्वारा 03 स्थाई वारंट, चौकी करहीबाजार 01 स्थाई वारंट एवं अन्य थाना चौकी सहित कुल 51 स्थाई वारंट तामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 59 गिरफ्तारी वारंट एवं अन्य वारंट भी तामिल किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में सफलतापूर्वक कुल 110 स्थाई वारंट, गिरफ्तारी एवं अन्य वारंट तामिल किया गया है।

# आमंत्रण पत्र के माध्यम से मतदान का दिया सन्देश




पायनियर संवाददाता ॰ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जागव वोटर (जाबो) कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संकुल संगठन स्तर पर समूह की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्कूली बच्चों नें आकर्षक आमंत्रण पत्र बनाकर शतप्रतिशत मतदान का सन्देश दिया। छात्रों नें मतदाता जागरूकता रैली भी निकली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों और संकुल संगठन स्तर पर महिलाओं स्कूली बच्चों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के महत्व को बताया गया और सभी को अपने मताधिकार का सही तरीके से उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आमजनों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, ताकि आगामी चुनावों में अधिक से अधिक लोग अपने वोट का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। जाबो कार्यक्रम के माध्यम से जिलेभर में आमजनों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सभी नागरिक चुनावों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

# सुहेला पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 1 शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ॰ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आपरेशन विश्वास के तहत थाना सुहेला पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज 08 फरवरी को थाना सुहेला से सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक जयकुमार पाल एवं दिनेश चंद्रवंशी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम करही में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?21,340 कीमत मूल्य का 194 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- छबिराम ध्रुव उम्र 32 साल निवासी ग्राम करही थाना सुहेला।

# मुनि सुयश सागर जी महाराज का बलोदा बाजार में मंगल प्रवेश



पायनियर संवाददाता ॰ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

श्रमणाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य छत्तीसगढ़ गौरव पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज स संघ नैला से लगातार बिहार करते हुए दिगंबर जैन मंदिर बलौदा बाजार शाम 5:00 बजे पहुंच रहे हैं। बलौदा बाजार जैन समाज के द्वारा मुनि संघ की गरिमामय भव्य अगवानी हेतु जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का बलौदा बाजार जैन समाज द्वारा बैंड बाजा ढोल के साथ ही ,जैन समाज के सभी परिवारों के द्वारा पाद प्रक्षालन कर अगुवानी करने की तैयारी की जा रही है। पूज्य मुनि श्री का 2 दिन का सानिध्य जैन समाज बलौदा बाजार को प्राप्त होगा 10 तारीख शाम आचार्य भक्ति, णमोकार पाठ संपन्न होगा। पूज्य मुनि श्री सुयश सागर जी बलोदा बाजार भाटापारा, आरंग ,नवापारा राजिम ,रायपुर ,भिलाई, दुर्ग होकर इंदौर की ओर गमन कर रहे हैं।

# ग्राम अंवरी में अवैध शराब बिक्री, आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ॰ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम अंवरी में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं। सूचना के आधार पर ग्राम अंवरी में बिरेझर पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी कोमल जांगड़े उम्र 48 वर्ष निवासी कोड़ापार के कब्जे से थैले के अंदर 17 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में180.180 एम एल भरी हुई कुल 03 लीटर 060 बल्क लीटर कीमत 1870 रूपये एवं बिक्री रकम 180 रुपये कुल रकम 2050 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध चौकी बिरेझर थाना कुरूद में धारा 34-1-ख आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी बिरेझर से प्रआर शेषनारायण पांडेय सहित बिरेझर पुलिस का विशेष योगदान रहा।

# चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण होगा

पायनियर संवाददाता ॰ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए बस आदि वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा । इन वाहनों का उपयोग मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने.वापस लाने सहित अन्य चुनावी कामों में किया जाएगा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने इन निर्वाचनों के लिए वाहन अधिग्रहण संबंधी निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए चुनाव कार्यों के लिए आवश्यक वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। साथ ही वाहन स्वामियों को सूचित भी किया है कि यदि वे निर्धारित तिथि पर वाहन नियत स्थान पर उपलब्ध नहीं कराते, तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि अधिग्रहण आदेश का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत दोषी को एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्तए मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 53 के तहत वाहन का रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की कार्यवाही भी की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गांधी ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे चुनाव कार्यों में पूर्ण सहयोग करें और निर्धारित तिथियों पर वाहनों को उपलब्ध कराएं ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# ईको क्लब ने दिया पृथ्वी के संरक्षण का संदेश

पायनियर संवाददाता ॰ धमतरी
www.dailypioneer.com




बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर ईको क्लब प्रभारी निरंजन कुमार के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रंगोली का निर्माण किया गया। इस रंगोली का निर्माण खुशी साहू एवं गौरा पाण्डेय ने किया जिसके तहत पृथ्वी के दो रूपों का प्रदर्शन किया एक भाग प्रदूषण युक्त दूसरा भाग प्रदूषण रहित पृथ्वी यह रंगोली हमे समझाती है कि हम ही अपने प्रकृति के दुश्मन बन बैठे है। सिंगल यूज प्लास्टिक, कल कारखानों से निकलते अपशिष्ट, वाहनों से निकलते धुंए एवं वृक्षों की अंधाधुंध कटाई इत्यादि इसका दूसरा पक्ष हमे पृथ्वी के संरक्षण का संदेश देता है। नवीनीकरण संसाधनों का प्रयोग, वृक्षारोपण, जल संरक्षण का जीवंत प्रस्तुतीकरण रंगोली द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक ने कहा हमें प्रदूषण को नियंत्रित करने की आवश्यकता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य बनाया जा सके। इस धरती पर हर व्यक्ति की धरती के संतुलन को बनाये रखने में एक बड़ी भूमिका है। लोगों को खतरनाक मुद्दों के बारे में शिक्षित करें और धरती को प्रदूषित होने से बचाएं। ईको क्लब प्रभारी निरंजन कुमार ने कहा पृथ्वी ही हमारा इकलौता घर है इस घर की रक्षा हम ही करेंगे। इस अवसर पर आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, सपना ताम्रकार, गोविंद प्रसाद, किशोर चेलक, भीखमलाल के साथ स्वयंसेवक अपर्णा, संदीप, रविकांत, ओम, परमानंद, लक्ष्मी, क्षमता, खिलेश्वरी इत्यादि उपस्थित रहे।

# 56 ब्राह्मण बटुकों का विधि विधान से हुआ उपनयन संस्कार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



ब्राह्मण सामाजिक संस्था समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित सिद्धपीठ श्री महामाया देवी मंदिर के सत्संग भवन में रविवार 9 फरवरी को प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया. इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 56 ब्राह्मण बटुकों को शास्त्रोचित विधि विधान से जनेऊ धारण करवाया गया. संगठन की सचिव अर्चना दीवान एवं आयोजन प्रभारी पं.उमाकांत तिवारी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुये कहा कि सामाजिक स्वजनों की सहभागिता के आधार पर समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा विगत तीन वर्षों से प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये कार्यक्रम के लिये बटुकों की संख्या निर्धारित रखी जाती है, जिससे एक दिवसीय इस आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जा सके. छत्तीसगढ़ में सूर्योदय एवं सूर्यास्त के आधार पर निर्मित श्रीदेव पंचाग के उपनयन मुहुर्त की तिथि में इसका आयोजन किया जाता है ताकि शास्त्रोचित परंपरा का पालन हो. संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला पराशर ने आज के कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया कि उपनयन संस्कार के प्रारंभ में सभी बटुकों की माताओं द्वारा चुलमाटी की रस्म निभाई गयी, इसके बाद बटुकों के माता-पिता तत्पश्चात् बटुक द्वारा गौरी-गणेश, मंडप आदि देव पूजन किया गया. इस अवसर पर बटुकों को पीसी हुई कच्ची हल्दी से हरिद्रालेपन कर बटुक परिजनों द्वारा आपस पारंपरिक चिकट का कार्य संपन्न हुआ. सभी बटुकों के लिये प्रतिनिधि रुप में मुख्य मंडप में मातृकापूजन होने के बाद सभी बटुकों को नहडोरी विधि उपरांत मुंडन करवाकर स्नान करवाया गया. स्नान के बाद सभी बटुकों ने आचार्यों के साथ अष्ट ब्राह्मण भोज के अंतर्गत भोजन किया. संस्कार के दूसरे चरण में आचार्य लक्ष्मण तिवारी सहित पं.हेमन्त नंदे, पं.आयुष त्रिपाठी, पं.मुक्तेश्वर तिवारी,पं.पीयूष शर्मा, पं.नवीन तिवारी,पं.हर्ष शर्मा, पं.केशव दुबे आदि आचार्यों द्वारा बटुकों को मेखला, दंड आदि धारण करवाकर जनेऊ पहनाया गया. हवन कर शिक्षा, दीक्षा आदि ग्रहण करने के बाद सभी ब्राह्मण बटुकों ने भवति भिक्षां देहि बोलते हुये भिक्षा मांगी. कार्यक्रम के अंत में सभी बटुकों ने नये वस्त्र के रुप में पीला कुर्ता, सफेद पायजामा आदि पहनकर दूल्हे की भांति तैयार हुये और देव दर्शन के लिये आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ बटुकों की बारात ने महामाया देवी मंदिर सत्संग भवन से सरस्वती चौक, जैतुसाव मठ, महावीर अखाड़ा, प्राचीन बावली वाले हनुमान मंदिर, नागरीदास मंदिर से वापस महामाया मंदिर तक का भ्रमण किया. उपनयन संस्कार के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं.शैलेन्द्र रिछारिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दुबे ने बताया कि सनातन धर्म में कुल सोलह संस्कार होते हैं इसमें उपनयन संस्कार यानी जनेऊ संस्कार को दसवां स्थान प्राप्त है. इसे यज्ञोपवीत संस्कार भी कहा जाता है. यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करने वाले को यज्ञ और स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है. यही वजह है कि सनातन धर्म में जनेऊ संस्कार बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करने से त्रिदेव का आशीर्वाद मिलता है. जब माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजते हैं, तब दीक्षा दी जाती थी. सनातन धर्म में दिशाहीन जीवन को एक दिशा देना ही दीक्षा माना जाता है. दीक्षा का अर्थ संकल्प है। किसी भी व्यक्ति को दीक्षा देने का अर्थ दूसरा जन्म और व्यक्तित्व देना है. आज के समय में भी उपनयन संस्कार का महत्व है. हालांकि, इसकी प्रक्रिया में कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं. अब गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की जगह औपचारिक विद्यालयों में जाकर बच्चे पढ़ाई आरंभ करते हैं. इसके बावजूद यह संस्कार बालक के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है।

# दिल्ली जीत का जश्न मनाकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुर्ग की सभी 6 नगरीय निकाय जीतने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर दुर्ग जिले के भाजपा पदाधिकारी नेताओं ने जिला भाजपा कार्यालय में एकत्र होकर जमकर जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों की थाप और गगनचुंबी नारों के साथ मिठाइयां बांटते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई।

दुर्ग नगर निगम चुनाव के सहसंचालक विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत से स्पष्ट है कि भाजपा और मोदी के नेतृत्व पर जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ की तरह दिल्ली की जनता ने भी विकास और सुशासन पर मुहर लगाई है। दुर्ग नगर निगम में विकास और सुशासन की स्थापना के लिए जनता भाजपा को प्रचंड मतों से चुनाव जिताएगी।

दुर्ग नगर निगम चुनाव के सहसंचालक राजीव अग्रवाल ने कहा कि केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के तमाम दिग्गज दिल्ली विधानसभा चुनाव में धराशायी हो गए, ये इस बात का संकेत है कि देश में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जबरदस्त लहर है और छत्तीसगढ़ में भी दुर्ग नगर निगम सहित सभी नगरीय निकाय में पार्टी की जबरदस्त जीत होगी।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि दिल्ली में घमंड और अराजकता की हार हुई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के दृष्टिकोण पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत हुई है। दिल्ली चुनाव के बाद अब दुर्ग जिले की सभी 6 नगरीय निकाय दुर्ग, कुम्हारी, अमलेश्वर, पाटन, उतई, धमधा में भी भाजपा परचम लहराएगी। दिल्ली की जीत का असर नगरीय निकाय चुनाव में भी दिखेगा।

जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि दिल्ली में भी मोदी की गारंटी को जनता ने हाथों-हाथ लिया और दिल्ली की कमान भाजपा को सौंपी। जिस प्रकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी तेज गति से पूरी हुई है।

# महिला से छेड़छाड़ मामले में तिल्दा निवासी मनोज कैवर्त पर कार्रवाई की मांग तेज, पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर संदेह

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन से महज् 7 किलोमीटर दूरी पर महानदी किनारे बसा ग्राम पंचायत तिल्दा में विगत दिसम्बर माह में एक महिला के साथ उसी गॉव के व्यक्ति मनोज कैवर्त ने घर घुसकर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत पीड़ित महिला एवं उनके परिवार ने संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से कार्रवाई किये जाने की मांग किये गए हैं जिस पर जांच हेतु पुलिस अधीक्षक ने लवन थाना नहीं भेजकर जांच एस डी ओ पी कसडोल को सौंपे हैं।एस डी ओ पी कसडोल को जांच कार्रवाई का जिम्मेदारी शिकायत के एक दो दिन बाद मिलने पर एस डी ओ पी विवेचना के लिए गॉव पहुँचकर महिला एवं परिवार का कथन ले लिया गया है। मामले को बीते डेढ़ माह होने वाला है लेकिन महिला अपराध से सम्बंधित घटनाओं में अभी तक अपराध दर्ज कार्रवाई नहीं होना पुलिस विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।वहीं मनोज कैवर्त जिस पर छेड़छाड़ का आरोप है वह गॉव की गलियों में बेखौफघूमते हुए नजर आ रहा है ऐसे में अपराधियों का मनोबल बढ़ना स्वाभाविक है।क्या इस मामले पर जांच कथन होने के बाद अपराध दर्ज नहीं होनी चाहिए था यदि नहीं तो पुलिस आखिर लेटलतीफी क्यों कर रहा है? क्या किसी राजनीतिक दल के बड़े नेता का दबाव है जिसके चलते अपराध दर्ज करने में पुलिस विभाग के पसीने छूट रहा है या और कोई बात है । ये तमाम तरह की बाते है जिस पर से पर्दा हटाने की जिम्मेदारी अब पुलिस विभाग एस डी ओ पी कसडोल के कंधों पर टिकी हुई है। लोगों ने मीडिया के माध्यम से सवाल किये हैं क्या उस गरीब पीड़ित महिला को अविलंब न्याय मिलेगा या लंबी अवधि तक इंतजार करना पड़ेगा?आपको यह बात भी बताना जरूरी है कि मनोज कैवर्त रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते रहा है जिसके विरुद्ध में खनिज विभाग बलौदाबाजार में कई मामले दर्ज है।ऐसे में क्या यह संदेह करना लाजिमी होगा कि रेत के अवैध कारोबार का वजन महिला के साथ हुई अन्याय से ज्यादा है।जिसके चलते महिला को न्याय मिलने में लंबी इंतजार करना पड़ रहा है।लेकिन महिला ने मीडिया को बताया कि उन्हें न्याय मिलेगा और उसे न्याय पुलिस विभाग ही दिलाएगा।अब देखना यही है कि पीड़ित महिला का विश्वास कब जीतती है और पुलिस विभाग कसडोल मनोज कैवर्त पर कब अपराध दर्ज कर सलाखों की पीछे भेजता है। फिलहाल इस खबर पर सबकी निगाहें टिकी हुई है।अब आने वाले समय में पता चल पाएगा कि पुलिस कब एक्शन में आती है। वहीं इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि जल्द कार्रवाई करवाते हैं।

# शोर शराबे के साथ चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी ने झोंकी अपनी ताकत

पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com





नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर के भाजपा और कांग्रेस पार्टी में सरगर्मी तेज हो गई है। दोनों ही पार्टी के नेताओं के द्वारा नगर में सघन जनसंपर्क किया गया। दोनों ही पार्टी के द्वारा आखिरी दिन विशाल रैली के साथ जनसंपर्क कर लोगों से अपने लिए समर्थन मांगे। आपको बता दें नगर भाजपा के नेतृत्व में भाजपा के द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी दयानंद सोनकर सहित 18 पार्षदों ने रथ में सवार होकर नगर वासियों से अपने लिए समर्थन मांगा।

वही नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मोनू साहू ने अपने 18 पार्षदों के साथ नगर का भ्रमण किया और आम नागरिकों से अपने लिए समर्थन मांगे।मोनू साहू अपने समर्थनों के साथ पैदल यात्रा करते हुए आम नागरिकों के बीच पहुंचे और विजय श्री का आशीर्वाद लिया।

# अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू साहू को मिला रहा भारी जनसमर्थन कका ने बनाया है और कका ही संवारेंगे, मोनू साहू





**अम्लेश्वर।** नगर पालिका अम्लेश्वर के नगर पालिका परिषद चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू साहू को मिल रहा है भारी जनसमर्थन। आज श्री साहू वार्ड क्रमांक 18 में जनसंपर्क कर रहे थे। तभी बटालियन के मतदाताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए विकास कार्य को याद करते हुए कहा कका बहुत अच्छा काम किया है। वही अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू से महिलाओं को कहा आगे भी जारी रहेगा आप लोगो की सहयोग और आशीर्वाद की जरूरत है। श्री साहू ने आगे कहा नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर का गठन कांग्रेस सरकार के शासन काल में हुआ है आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमारे विधायक है। इस लिए हम कह रहे है, कका ही बनाया है और कका ही संवारेंगे इस वाक्य पर सभी नागरिकों ने समर्थन दिया इस अवसर पर वार्ड प्रत्याशी अनिता कंवर ,नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सहित आम नागरिकों की उपस्थित रही।

# बिर्रा बम्हनीडीह पुलिस की संयुक्त टीम ने सबरिया डेरा से किया महुआ लहान नष्ट

पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com



बिर्रा पुलिस को सूचना मिली की आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए करनौद गोविंदा से लगे सबरिया डेरा में काफी मात्रा में महुआ लहान शराब बनाने के लिए रखा गया है जहां मुखबिर के बताये जगह पर पहुंच कर बम्हनीडीह बिर्रा पुलिस में लगभग 500 किलो महुआ लहान को नष्ट किया है वहीं मौके से शराब बनाने के उपकरण को भी बिर्रा पुलिस ने जब्त किया है बताया जा रहा है की बिर्रा पुलिस लगातार शराब तस्करों पर कार्रवाई कर रही है उक्त कार्रवाई में बम्हनीडीह थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव बिर्रा थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह प्रधान आरक्षक गौतम गोविंद पांडेय आरक्षक लक्ष्मी कश्यप पुनेश्वर आजाद दिलीप माथुर हर प्रसाद सिन्हा महिला आरक्षक रितु लहरे का इस कार्रवाई में योगदान रहा ।

# सुकमा के वार्डो मे सांसद महेश ने किया प्रचार, भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता से मांगे वोट

### नुक्कड सभा के माध्यम से सुकमा नगर मे कर रहे है प्रचार

**सुकमा ।** बस्तर सांसद महेश ने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के समर्थन में मांगे वोट इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भाजपा की जीत का दावा किया छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज नेता प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी माहौल बना रहे हैं. इसी कड़ी में बस्तर के युवा सांसद महेश कश्यप भाजपा के समर्थित प्रत्याशी हूंगाराम मरकाम और समस्त भाजपा पार्षद प्रत्याशी के समर्थन में नुक्कड़ सभा एवं बैठक को संबोधित करने पहुंचे बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सुकमा नगर मे अध्यक्ष और पार्षदों के पक्ष में प्रचार किया.इस दौरान महेश कश्यप ने भाजपा के अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आम जनता से मतदान करने और भाजपा के समस्त प्रत्याशियों को जिताने की अपील की. इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के भाजपा पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता और नागरिक सांसद महेश कश्यप को सुनने के लिए इकट्ठा हुए. नगरीय निकाय चुनाव में जीत की मंशा से लड़ रही भाजपा :सुकमा में भाजपा प्रत्याशी और पार्षदों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशी सुकमा नगरीय चुनाव में जीत की मंशा के साथ चुनाव प्रचार कर रहे है बस्तर सांसद ने नुक्कड सभा के माध्यम से वार्ड क्रमांक 14 15 04 12 13 और बस स्टेण्ड सुकमा मे भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष मे धुआँ धार प्रचार कर रहे इसके साथ ही बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहाँ की छतीसगढ़ एवं केंद्र की सरकार छत्तीसगढ़ मे सम्पूर्ण योजना जैसे जन धन योजना महतारी वंदन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पी डी एस सहित महत्वपूर्ण योजना छत्तीसगढ़ मे चला रही है घर-घर दस्तक दे रहे हैं नेता :आपको बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिए अब महज कुछ दिन का समय बचा है. रविवार शाम तक चुनावी प्रचार थम जाएगा. 11 फरवरी को मतदान होने वाला हैं. इससे पहले सभी दलों के प्रत्याशी और बड़े नेता भी जनता का भरोसा जितने के लिए वार्डों मोहल्लों में जनता के घर-घर दस्तक दे रहे हैं।



# अध्यक्ष एव पार्षद प्रत्याशी लक्ष्मी को लेकर घर-घर दस्तक

## भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी एवं निर्दलीय का जन सैलाब उमडा तीनों में महिलाएं महिलाएं ही नजर आए

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com





नगरी निकाय चुनाव का संध्या 5:00 बजे चुनाव प्रचार पर विराम लग जाएगा । जिससे नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद के प्रत्याशी का जन सैलाब उमडा। भारतीय जनता पार्टी से सोनसाय देवांगन जो की डबल इंजन की सरकार लेकर चल रहे है और विकास की बात कर रहे है आज तक जितने भी नगर पंचायत जयजयपुर में अध्यक्ष बने सबसे ज्यादा विकास कार्य करने वाले में देवांगन का नाम देखा जा रहा है ,जो की इस वर्ष चुनाव में यदि जीतकर कर आते हैं तो तीसरी इंजन लग जाएगी और विकास ही विकास नगर मे नजर आयेगा क्योंकि केंद्र एवं राज्य के साथ में नगरीय चुनाव में भी विकास की गंगा बहते दिखाई देगी ।इस बात को लेकर नगर चुनाव प्रचार में देवागन लगे हुए हैं । और जिनका कार्य करने की शैली ही अद्भुत है ।

इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से दिलीप चंद्रा जो मैदान में हैं जो की मिलनसार हैं और जहां पर हमारे जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू हैं जिनसे भी यह आशा लगी हुई है कि विकास के लिए वह जरूर अपने क्षेत्र में काम दिलाएंगे मिलनसार दिलीप चंद्रा जो की हर सुख दुख का साथी है और अपना चुनाव चिन्ह कांग्रेस की पंजा को लेकर आए हैं इससे हर गरीब दुखी आमने-सामने बात कर सकता है।

निर्दलीय प्रत्याशी बलराम उर्फ बल्लू गौटिया जो कि हमेशा तानाशाही एवं गौटिया शासन चलाना ही चाहते हैं जो आज तक हर बार पदों में आसीन हुए उनके उपरांत भी आज नगर मे किसी प्रकार से विकास नहीं दिखाई दे रहा है यह कभी भी किसी पार्टी के साथ जा सकते हैं जो स्वार्थ वादी है। जिनके वजह से वह अपना निर्दलीय के रूप में कांच का गिलास लेकर आए हैं और गिरने पर ही कांच टूट जाता है इस तरह से यह भी इस नगर के विकास के लिए मतदाताओं को मगरमच्छ की तरह आंसू बहाने में लगे हुए हैं ।

लक्ष्मी की बात करें तो जो बलराम गौटिया है उनके पास अपार लक्ष्मी हैं और सोनसाय देवांगन के पास व्यापार होने के साथ लक्ष्मी का आवागमन है और दिलीप चंद्रा जो ठेकेदार हैं उनके पास भी लक्ष्मी का स्त्रोत बना हुआ है ।इस तरह से तीनों प्रत्याशी कोई किसी से कम नहीं है। भ्रष्टाचारियों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार कांच की गिलास वाली प्रत्याशी ही दिखाई पड़ रहे हैं ।

आज शाम 5:00 रैली एवं चुनाव में विराम लग जाएगा वहीं पर सभी प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से आज तक जो खर्च किए हैं वह सभी जानते हैं लेकिन अब कौन प्रत्याशी कितना लक्ष्मी घरों घरों तक पहुंचाने जाएगा और किस प्रत्याशी को मतदाता स्वीकार करेंगे यह तो आने वाले 11 फरवरी 2025 के दिन ही दिखाई पड़ेगा की कौन इस चुनाव में बाजी मारता है । मतदाता 10 दिनों तक अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशी को लूटते रहे चुनाव के जितने के बाद 5 साल तक ये शासन के प्रतिनिधि आम जनता को लूटने का कार्य करेंगे । मतदाता लक्ष्मी एवं अन्य सामान को लेने के लिए बाय पसारे हुए दिखाई पड़ रहे हैं ।क्योंकि चुनाव के समय ही मतदाता को समय का इन्तजार रहता है।

**सैफ हमला केस**

# आरोपी शरीफुल के फिंगरप्रिंट मैच



सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम के कुछ फिंगरप्रिंट एक्टर के घर से लिए गए सैंपल से मैच हो गए हैं। सैफ पर 15 जनवरी की देर रात हमला हुआ था। मुंबई पुलिस ने 22 जनवरी को फिंगरप्रिंट और अन्य सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे गए थे। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट जांच के लिए जो सैंपल भेजे गए थे, उनमें से कुछ की रिपोर्ट आ गई है। इसमें कुछ फिंगरप्रिंट मैच हो गए हैं। हालांकि, पुलिस फाइनल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उधर, सैफ की दो महिला स्टाफ मेंबर्स ने गुरुवार (6 फरवरी) को आरोपी शरीफुल की पहचान कन्फर्म कर दी।

**नागा चैतन्य ने किया चौंकाने वाला खुलासा बोले-**

# तंडेल की शूटिंग के दौरान नौसेना हमें गिरफ्तार कर ले गई




नागा चैतन्य की सह सहकलाकार और अभिनेत्री साई पल्लवी ने अभिनेता से खास बातचीत की। उन्होंने एक मजेदार इंटरव्यू लिया, जिसमें नागा ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत तंडेल आज बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म से चैतन्य करीब दो साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। हालांकि, यही एकमात्र कारण नहीं है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सच्चे किरदारों वाली एक सच्ची कहानी है। अब हाल ही में नागा चैतन्य की सह सहकलाकार और अभिनेत्री साई पल्लवी ने अभिनेता से खास बातचीत की। उन्होंने एक मजेदार इंटरव्यू लिया, जिसमें नागा ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। नागा ने साई से कहा कि वह एक हिट फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें पर्दे पर आए दो साल हो चुके हैं।

### मछुआरे की भूमिका क्यों निभा रहे हैं नागा चैतन्य

इस दौरान साई पल्लवी ने नागा चैतन्य से एक यूजर का सवाल पूछा, जिसने अभिनेता जैसे गोरे लड़के को आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के एक मछुआरे की भूमिका निभाते हुए देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। यूजर ने यह भी कहा कि अभिनेता अपनी उपस्थिति के कारण स्क्रीन पर एक अमीर लड़के की भूमिका निभाने के लिए अधिक उपयुक्त है। सवाल का जवाब देते हुए नागा चैतन्य ने कहा, एक अभिनेता का काम एक भूमिका में बदलना और खुद को आगे बढ़ाना और खुद को ऐसी भूमिकाएं करने के लिए चुनौती देना है, जो आपकी वास्तविकता से बहुत दूर हों। मैं खुद को एक मछुआरे के रूप में कैसे देखता हूं कि आपको फिल्म देखने के बाद मुझे स्कोर करना होगा।

# लकी हूं कि सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला: कृष्णा पाटिल



फिल्म 'फतेह' से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री कृष्णा प्रकाश पाटिल ने अभिनेता सोनू सूद के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। उनका मानना है कि कहानी कहने के प्रति सोनू सूद का समर्पण प्रेरणादायक है। कृष्णा पाटिल खुद को लकी मानती हैं क्योंकि उन्हें न केवल अपनी पहली फिल्म में सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि सूद ने उन्हें गाइड भी किया। उन्होंने कहा, सोनू सर के साथ काम करने का मेरा अनुभव बढ़िया रहा। वह एक प्रतिभाशाली अभिनेता और निर्देशक हैं, जिनके काम में जुनून के साथ ऊर्जा भी है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में सह-कलाकारों से सर्वश्रेष्ठ अभिनय करवा सकने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करती हूं। इसके अलावा, उन्होंने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की और कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। मैं उनके साथ काम करके खुद को लकी मानती हूं। कृष्णा पाटिल विज्ञान में स्नातक करने के बाद एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आई थीं। उन्हें अपनी पहली फिल्म के लिए प्रोडक्शन कंपनी से सीधा फोन कॉल आया था। उन्होंने बताया, मैंने पहले सोनू सूद के साथ कुछ विज्ञापनों में काम किया था और उनकी प्रोडक्शन टीम ने मुझे फतेह के ऑडिशन के लिए संपर्क किया। मैं चुनी गई और इस तरह मुझे पहला रोल मिला। अपने बड़े ब्रेक से पहले कृष्णा पाटिल एक मॉडल के रूप में काम कर रही थीं। उन्होंने टीवी, विज्ञापनों, प्रिंट कैंपेन और म्यूजिक वीडियो में काम किया। उनका पहला टेलीविजन विज्ञापन अभिनेता बोमन ईरानी के साथ था। कृष्णा पंजाबी सिंगर और अभिनेता जस्सी गिल के साथ उनके म्यूजिक वीडियो 'नखरे' में भी काम कर चुकी हैं। 'फतेह' की बात करें तो इस फिल्म को शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज ने तैयार किया है। सह-निर्माता अजय धामा हैं। फिल्म का निर्देशन करने के साथ ही मुख्य भूमिका भी सोनू सूद ने निभाई हैं। सोनू सूद के साथ फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# सैयामी खेर ने ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग सीखकर पूरी की अपनी पुरानी इच्छा

एक्ट्रेस और फिटनेस की शौकीन सैयामी खेर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग का शुरुआती लेवल पूरा किया है। सर्फिंग उनकी बकेट लिस्ट का हिस्सा था। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपना समय प्रकृति के बीच बिताया और अपने ट्रेनर के साथ सभी सेशन में 12 घंटे की ट्रेनिंग का हिस्सा रहीं। सैयामी हमेशा से ही खेल और नई चीजों को एक्सप्लोर करने के प्रति जुनूनी रही हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के बारे में अपनी खुशी शेयर की। उन्होंने शेयर किया, सर्फिंग हमेशा से मेरी बकेट लिस्ट में रही है, और मैं इसे सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर जगह की कल्पना नहीं कर सकती थी। एक्ट्रेस ने बताया कि ये आसान नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैं अनगिनत बार बोर्ड से गिरती थी तो निराशा के पल आते थे। लेकिन हर बार जब मैं लहर पर सवार होने में कामयाब होती थी। यह बहुत मजेदार और एडिक्टिव होता था। मैंने स्पष्ट रूप से केवल बेसिक बातें सीखी थीं, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसमें मैं निश्चित रूप से अच्छा बनना चाहती हूं। एक्ट्रेस अब वापस जाने और सर्फिंग में अपनी स्किल को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। करियर की बात करें तो सैयामी को हाल ही में फिल्म अग्नि में देखा गया था, जहां उन्होंने एक फायर फाइटर की भूमिका निभाई थी। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि वह स्क्रीन पर एक फायर फाइटर की भूमिका निभाकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, वर्दी में किसी की भूमिका निभाना, विशेष रूप से एक फायर फाइटर के रूप में, गहरे सम्मान, समझ और जिम्मेदारी की यात्रा रही है। फायर फाइटर्स सम्मान के हकदार हैं। वो दूसरों की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं, वह भी अक्सर बिना किसी पहचान के। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु शर्मा, सई ताम्हणकर, जितेंद्र जोशी, उदित अरोड़ा और कबीर शाह भी हैं। सैयामी अगली बार सनी देओल अभिनीत 'जाट' में दिखाई देंगी, जो 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।



# सोनू निगम ने राष्ट्रपति भवन के अपने अनुभव को किया शेयर



**मशहूर** गायक सोनू निगम ने हाल ही में दिल्ली में अपने राष्ट्रपति भवन के दौरे के अनुभव को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए साझा किए। वीडियो में वे सर्दियों के कपड़ों में नजर आ रहे हैं और राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में घूमते हुए विचार व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जगह बेहद सुंदर है और यहां आकर उन्हें दिल, आंखों और आत्मा में शांति महसूस हो रही है।

उन्होंने इसे एक अद्भुत अनुभव बताया और सभी से अनुरोध किया कि वे भी इस उद्यान की सुंदरता और शांति का आनंद लेने आएं। सोनू निगम को हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने राष्ट्रपति भवन परिसर में नवनिर्मित ओपन एयर थिएटर में परफॉर्म करने का मौका मिला। वे इस ऐतिहासिक स्थान पर प्रस्तुति देने वाले पहले कलाकार बने। यह खास परफॉर्मेंस राष्ट्रपति भवन दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। गायक ने इस यादगार पल को इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ साझा किया, जिसमें वे राष्ट्रपति के साथ नजर आ रहे थे।



# हिमेश रेशमिया की बैडएस रवि कुमार समीक्षा

हर सुपरहिट एक्शन से पहले, सुपरहिट डायलॉग जरूरी होता है

हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार रिलीज हो गई है। कहानी 80 के दशक की है, जहां एक सीक्रेट रील में भारत के बारे में कुछ खुफिया जानकारी है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान हमारे देश के खिलाफ करना चाहता है। पाकिस्तान के नापाक इरादों को रोकने के लिए रवि कुमार (हिमेश रेशमिया) आगे आते हैं। हिमेश के मिशन के दौरान कई चुनौतियां आती हैं और वह उनसे कैसे निपटते हैं, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी। फिल्म की शुरुआत में ही यह उल्लेख किया गया है कि तर्क वैकल्पिक है, और यह बात फिल्म पर लागू होती है। फिल्म भरपूर मसाला, एक्शन से भरपूर है और आपको हंसाएगी भी। फिल्म में ऐसे डायलॉग्स का खजाना है जो आपको सीटियां बजाने पर मजबूर कर देंगे। उदाहरण के लिए, कुंडली में शनि, घी के साथ हनी और रवि कुमार से दुश्मनी सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है, तेरे शरीर में इतना खून नहीं होगा, जितना रवि कुमार एक बार में यूरिन कर देता है, और इस तरह के कई अन्य हैं।

फिल्म में हिमेश का स्वैग काफी प्रभावशाली है और जिस तरह से वे अपने डायलॉग बोलते हैं वह काबिले तारीफ है। अभिनय की बात करें तो खलनायक प्रभु देवा ने कार्लोस पेड्रो पैंथर की भूमिका में शानदार अभिनय किया है; जिस तरह से वे इस भूमिका को निभाते हैं वह काफी शानदार है।



# विक्की ने शेयर किया कटरीना से पहली मुलाकात का किस्सा

विक्की कौशल और कटरीना कैफ अपनी लव स्टोरी को लेकर काफी प्राइवेट रहे हैं। आमतौर पर दोनों की पहली मुलाकात के बारे में कहा जाता है कि वो जोया अख्तर के घर पर मिले थे। फिल्म छावा के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में विक्की कौशल ने वाइफ कटरीना कैफ से अपनी पहली मुलाकात को बारे में नई बात बताई है।

### शो होस्टिंग के दौरान पहली बार मिले

पिंकविला से बात करते हुए अभिनेता ने कहा, 'मैं शो की मेजबानी कर रहा था और मुझे लगता है कि यह पहली बार था, जब मैं उनसे मिला और हमारी बात हुई। स्टेज पर तो कान में इयर पीस लगा होता है। लोग पीछे से गाइड करते रहते हैं कि ऐसा करो, वैसा करो। सब कुछ स्क्रिप्टेड होता है। लेकिन स्टेज के पीछे यह पहली बार था जब हमने एक-दूसरे को फॉर्मेली इंट्रोडक्शन दिया।

जब इंटरव्यू में विक्की से पूछा गया कि क्या वो कटरीना से मिलने से घबरा रहे थे? 'छावा' एक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा- नहीं, मैं क्यों घबराऊंगा? वह बेहद प्यारी थीं। मुझे नहीं पता था कि वह मुझे जानती होंगी, लेकिन वह बेहद प्यारी थीं।

# निमरत कौर ने अपनी हाउसहेल्प और उनके बच्चों के साथ देखी फिल्म 'स्काई फोर्स'



अभिनेत्री निमरत कौर ने अपने हाउसहेल्प और उनके बच्चों के लिए फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग आयोजित की। उन्होंने इस खास पल को तस्वीरों के जरिए साझा किया, जिसमें वे सभी फिल्म का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। निमरत के लिए यह एक भावनात्मक अनुभव था, क्योंकि उनके घरेलू सहायक कई सालों से उनके साथ जुड़े हुए हैं। यह उनकी ओर से आभार प्रकट करने का एक खास तरीका था, जिससे न केवल उनके कर्मचारियों को खुशी मिली, बल्कि उनके साथ रिश्ते भी और मजबूत हुए। निमरत कौर की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'स्काई फोर्स' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 'स्काई फोर्स' 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, नवोदित अभिनेता वीर पहाड़िया और सारा अली खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। वीर पहाड़िया की झलकियां सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। फिल्म में निमरत ने अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया है और अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है। उन्होंने अपने किरदार में संवेदनशीलता और ताकत दोनों का बेहतरीन संतुलन दिखाया है, जिससे उनकी अभिनय क्षमता को और भी सराहा जा रहा है। 'स्काई फोर्स' की सफलता के बाद, निमरत जल्द ही 'सेक्शन 84' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी। निमरत कौर एक आर्मी परिवार से आती हैं और सेना के प्रति उनका खास जुड़ाव है। हाल ही में उन्होंने भारतीय सेना दिवस पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने अपने ओटीटी शो 'द टेस्ट केस' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे सेना की वर्दी पहने नजर आईं। इन तस्वीरों में सेट के बीटीएस पल और ऑन-स्क्रीन एक्शन क्लिप शामिल थीं। अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा कि वह एक गर्वित आर्मी किड हैं और हमेशा उन बहादुर सैनिकों को सलाम करेंगी, जो देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि 'द टेस्ट केस' में कैप्टन शिखा शर्मा का किरदार निभाना उनके लिए गर्व की बात थी और इस किरदार की ताकत ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है।

# कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

## निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। नगर पालिका बेमेतरा में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक दीपेश साहू ने रैली के माध्यम से शहर भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया वहीं द्य सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य,सहयोग, समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीती नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला। एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गाँव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा का कमल ध्वज लहराना है। उन्होंने आगे कहा कि आज बेमेतरा नगर पालिका के हर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से हो रहें हैं। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा 8 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति दी है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से नगर की सभी महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है नगर वासियो लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख तक निशुल्क उपचार मिल रहा है। प्रदेश मे किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला वहीं 3100 रुपए/क्विंटल की दर से रिकॉर्ड धान की खरीदी की गई। प्रदेश मे गरीब व परिवारों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। इन सभी कार्यों और योजनाओं से आज प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक सुधार आने के साथ ही आर्थिक रूप से उन्हें संबल मिल रहा है। दीपेश साहू ने कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा प्रदेश जिस प्रगति के पथ पर अग्रसर है उससे निश्चित ही हम विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के अपने संकल्प को सार्थक करने की दिशा में अग्रसर हैं। आगामी चुनाव में इन सभी विकास कार्यों के प्रति जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है हमें पूर्ण विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा विधानसभा सहित प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी और प्रदेश में विकास की यह गति तीन गुनी रफ़्तार से होगा। आइये हम सभी संकल्प करें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं घोषणाओं की जानकारी उनसे साझा करें और भाजपा की जीत का शंखनाद करें। इस दौरान चुनाव प्रभारी प्रदीप गाँधी प्रदेश महामंत्री अवधेश सिँह चंदेल जिलाध्यक्ष अजय साहू अध्यक्ष प्रत्यासी विजय सिन्हा किसान नेता योगेश तिवारी शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू बलराम पटेल युगल देवांगन हर्षवर्धन तिवारी संचालक प्रवीण नीलू राजपूत योगेश वर्मा दोहाई वर्मा सुरेश पटेल केशव साहू बंशी राठी अनीता मिश्रा मीनू पटेल पिकी गुप्ता रजनी चौबे राजीव तम्बोली ओमेश्वरी साहू अध्यक्ष प्रत्यासी विजय सिन्हा सहित सभी 21 वार्डो के पार्षद प्रत्यासी उपस्थित रहे ।

# लाटा व हरदी में कल्पना योगेश तिवारी का जनसंपर्क अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में चुनावी माहौल अब पूरे जोश में है। इसी क्रम में जिला पंचायत प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी ने ग्राम लाटा व हरदी में महा जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता का आशीर्वाद लिया। इस अभियान में भारी संख्या में ग्रामीणों और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जनसंपर्क के दौरान कल्पना योगेश तिवारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में दो पत्ती निशान पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके विजयी होने पर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने कल्पना योगेश तिवारी के प्रति पूरा समर्थन जताया और उन्हें विजय बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि वे इस बार ऐसा प्रतिनिधि चुनेंगे जो न केवल जनसमस्याओं को समझे, बल्कि उनके समाधान के लिए भी दृढ़ संकल्पित हो। अभियान के दौरान ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कल्पना योगेश तिवारी ने जनता को आश्वस्त किया कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। उन्होंने बताया कि वे क्षेत्र की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और किसानों के हितों के लिए निरंतर कार्य करेंगी।गांव के मतदाताओं ने कल्पना योगेश तिवारी के प्रति अपार उत्साह और समर्थन व्यक्त किया और उन्हें हरसंभव सहयोग देने का वादा किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने एक स्वर में कहा कि वे इस बार विकास के नाम पर मतदान करेंगे और दो पत्ती छाप को विजयी बनाएंगे। इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा, ÷यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास का है। हम सभी को एकजुट होकर अपने भविष्य के लिए सही निर्णय लेना होगा। मैं जनता के सहयोग और समर्थन से निश्चित ही विजयी होकर आप सभी के विश्वास को मजबूत बनाऊंगी।

# छत्तीसगढ़ में निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदान की तारीखों पर सार्वजनिक अवकाश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, नगरपालिकाओं के महापौर/अध्यक्ष और पार्षदों के पदों के लिए मतदान 11 फरवरी 2025, मंगलवार को सम्पन्न होगा। इसी प्रकार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंचों के निर्वाचन के लिए मतदान क्रमशः 17 फरवरी 2025, सोमवार; 20 फरवरी 2025, गुरुवार; और 23 फरवरी 2025, रविवार को होगा। राज्य शासन ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित तिथियों पर सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की घोषणा की है। इसके तहत 11 फरवरी 2025, मंगलवार को नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए संबंधित क्षेत्रों में स्थित शासकीय कार्यालयों और संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 17 फरवरी 2025 सोमवार, 20 फरवरी 2025, गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। 23 फरवरी 2025, रविवार पहले से ही शासकीय अवकाश होने के कारण अलग से सार्वजनिक अवकाश की आवश्यकता नहीं है।

# मतदान दिवस पर श्रमिकों के लिए अवकाश और मतदान की सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग बेमेतरा द्वारा जारी आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के मतदान दिवसों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। यह अवकाश 11 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी और 23 फरवरी 2025 को लागू होगा। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन संचालित होते हैं, वहां प्रथम और द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए 2-2 घंटे का अवकाश दिया जाएगा। निरंतर प्रक्रिया वाले कारखानों में श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह आदेश सभी प्रकार के श्रमिकों, चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हों या आकस्मिक श्रमिक, के लिए लागू होगा, ताकि वे आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# सफलता के लिए मेहनत और अनुशासन सबसे जरूरी है : योगेश



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के ग्राम सोढ में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योगेश तिवारी शामिल हुए। इस अवसर पर खेल प्रेमियों और ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल , सोसायटी अध्यक्ष कन्हैया वर्मा जी,नवाज मोहम्मद मुंशी खान महेश मंडावी जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल ,नवाज मोहम्मद मुंशी खान, महेश मंडावी, शत्रोहन साहू, संजू नेताम, पोषण जांगड़े चितरंजन चालीसा, खिलेश ,दीपक ,भूपेंद्र सोनवानी, रवि नेताम वहीं विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफ्लता के लिए मेहनत और अनुशासन सबसे जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस आयोजन ने क्षेत्र में खेल भावना को मजबूत करते हुए युवाओं को प्रेरित करने का काम किया।

# धर्म और अध्यात्म का अर्थ समय के साथ बदलते जा रहा हैं : धीरेंद्र





पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के विशेष सहयोग से 4 फरवरी से 12 फरवरी तक शत चंडी यज्ञ श्री हनुमंत कथा श्री रामकथा जारी है। बाबा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि हर रोज सुबह 7 बजे से यज्ञ हवन प्रारंभ एवं दोपहर 2 बजे से हरिइक्षा तक श्री रामकथा एवं 10 फरवरी को शाम 7 बजे से श्री राम दरबार मानस परिवार चीतमखार गरियाबंद वाले मंडली के द्वारा मानस गान महावीर उद्यान कथा स्थल पर होगा। समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ बदलते जा रहे हैं। संपत्ति कितने ही धर्मात्मा इस का श्रेय लेते हैं कि चुंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा अध्यात्मिक भी है जबकि यह सही नहीं है धर्म और अध्यात्म जैसे गुढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है उन्ही संस्कार के साथ हम पलते बढ़ ते है कि धार्मिकता और अध्यात्म के पथ पर चलते है। मनका का भोजन हमारे विचार है एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगो को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथा गत मै जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है कृपया बताए मै ध्यान कैसे कर सकता हूं। बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोग ने भी प्रशन सुना लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहे उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है मै ध्यान कैसे कर सकता हूं। बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहे उस व्यक्ति ने फिर एक बार और अपनी बात कह दी बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन है जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा हम ध्यान नहीं कर सकते हैं जब हम ध्यान करने बैठ तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए। यानी सोच विचार करना बंद कर देना चाहिए तब ही हम ध्यान कर पाएगे। जब मन विचारो से खाली हो जाएगा तबही हम ध्यान कर पाएंगे। आगे कथा मे जगतगुरु धीरेन्द्र महाराज ने बड़े ही मार्मिक पुर्वक राम जन्म की कथा समझाया। इस दौरान कामेश्वर साहू छाया विधायक, मनोज साहू भुतपुर्व सरपंच कोटनी, चंद्रशेखर बंजारे पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपसरपंच वासुदेव सप्रे ने आदि अनंत विभूषित हनुमंत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य धीरेन्द्र महाराज चित्रकुट धाम उतर प्रदेश वाले कथावाचक का हार फुल से स्वागत किया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, झब्बू साहू, सुखी राम, गुलाब साहू, मनोज पटेल, योगेश साहू, ललित साहू, सुऊख राम, ग्रामीण पटेल चैतुराम साहू, भोलू साहू, खिलेशवर चीन्टू साहू, रोमनाथ साहू, बबलू साहू, गज्जू रायपुरीहा, बबीता साहू, प्रभा साहू, पार्वती साहू, रुक्मणी साहू, पुरईन साहू, दुर्गा साहू, छाया किरण, कौशिलया साहू, ओमकार साहू, हितेश पटेल, नंद पंडा आदि भक्त गण गण मौजूद रहे। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधी चंन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम समाज के जरूरमंद विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थली एवं संस्कार भूमि है। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि छात्रावास, आश्रमों में निवासरत सभी विद्यार्थियों को छात्रावास की व्यवस्था का समुचित लाभ मिले। चन्द्रवाल ने आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रावास एवं आश्रमों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के अलावा स्वीकृत सभी सीटों पर विद्यार्थियों को शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित आदिम जाति कल्याण विभाग के समीक्षा बैठक में सभी छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के अलावा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उत्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रत्येक छात्रावासों में आवासीय, भोजन, पेयजल, साफ-सफई, स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण, भवन, विद्युत व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। चन्द्रवाल ने विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रावास, आश्रमों में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्था के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अनुकूल परिवेश एवं संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के अलावा छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिका उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं से छात्रावास एवं आश्रमों के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु स्वयं के द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु किए गए उपायों के अलावा शासन के द्वारा निर्धारित मेन्यू के आधार पर समुचित मात्रा में भोजन एवं नाश्ता प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में जानकारी ली।

# एसएसपी ने बेरला, कुसमी, भिंभौरी, देवकर साजा के मतदान केन्द्र एवं स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिये आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतदान सामग्री का वितरण मतदान से एक दिन पहले 10 फरवरी को निर्धारित स्थानों से किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, देवकर एवं साजा के मतदान केन्द्रो एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होने नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, देवकर एवं साजा के मतदान केंद्रों पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया और चुनाव अधिकारियों से आवश्यक सुविधाओं जैसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंध, शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं के लिए सुविधाएं, और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ समय पर पूरी कर ली जाएं और चुनाव के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए पूर्व तैयारियां पुख्ता हों। साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने एवं मतदान केन्द्रो में तैनात किये जाने वाले बलों के मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखने और आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है और इसके लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। उन्होने नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी एवं देवकर के स्ट्रांग रूम के दौरान एसएसपी बेमेतरा ने स्वतः ही उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्रीफिंग कर उनकी व्यवस्थाओं को जाना व स्ट्रांग रूम सुरक्षा एवं मतपेटी वितरण के दौरान लगने वाले सावधानियों के बारे में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही मतपेटी एवं स्ट्रांग रूम सुरक्षा, संचार उपकरण की जांच कराकर सुनिश्चित कर ले कि सभी उपकरण ठीक स्थिति में है यदि कनेक्टिवीटी में कोई समस्या हो तो अभी से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर दुरूस्त कराने, असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड/मारपीट करने वालों के विरूद्ध ठोस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिये गए । एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, देवकर एवं साजा में लगातार पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च किया गया। आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु, फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे ङ्क चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। फ्लैग मार्च कर आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने जागरूक किया गया। साथ ही सभी थाना/चौकी प्रभारियों को बेमेतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने हेतु अपने ङ्कअपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने निर्देश दिये गए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, थाना साजा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा, उनि (अ) प्रदीप देशमुख, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार साजा यु. के. मानकर, नायब तहसीलदार उमेश लहरी, तहसीलदार तहसीलदार सरिता मढरिया,, राजस्व आर. आई. राम भांडेकर, सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी, श्रवण गभने, पुलिस चौकी कडरका प्रभारी सउनि कवल सिंह नेताम, पुलिस चौकी देवकर प्रभारी द्वारिका देशलहरे, एसपी रीडर विष्णु सप्रे आला अधिकारियों सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# दुर्ग सांसद विजय बघेल ने वार्डों में जन संबोधन में कहा-कांग्रेस विकास विरोधी है

## पंच, पालिका से पार्लियामेंट तक भाजपा के प्रत्याशी को जीताकर पहुंचाएं

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सांसद विजय बघेल ने भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा के जन आशीर्वाद चुनावीं सभा को संबोधित करते कहा देश के पिछड़ने के पीछे कांग्रेस का ही हाथ है आप इस हाथ को मत थामिए बेमेतरा वासियों आप कमल को थामिए मोदी जी का साथ दीजिए। सबका साथ सबका विकास ये नारा है मोदी का। ये तभी संभव है जब आप पंच और पंचायत को पार्लियामेंट से जोड़ेंगे पालिका को पार्लियामेंट से जोड़ेंगे । आपने कांग्रेस को पिछले पांच साल छत्तीसगढ़ को सौंपा था लेकिन क्या हुआ । प्रधानमंत्री आवास के तहत बनने वाले लाखों गरीब मजदूर किसान के घर का पैसा वापस किया गया क्यों? कांग्रेस के पास बांटने के लिए पैसा है उत्तर प्रदेश जाकर चुनाव में देने के लिए पैसा है पर छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए पैसा नहीं है। सांसद ने कहा आप लोग प्रबुद्ध और समझदार जनता है कांग्रेस के झांसे में मत आइए कमल के बटन दबाइए और भाई विजय सिन्हा को जिताइए। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित जनता से कहा विजय सिन्हा आपके बीच के प्रत्याशी है आपके सुनने वाला और आपको समझने वाला प्रत्याशी है। आप जानत हावव विजय सिन्हा जी जुझारू है मेहनती है मेहनतकश गरीब आदमी के लइका हरे । आपके दुख सुख ल इही समझ ही,, ता आप जनता मन से इही प्रार्थना है आप सब मिलके कमल के बटन दबावव अऊ विजय सिन्हा सहित जम्मो 21पार्षद ल जितावव। प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा मैं आपके सामने आपके सेवा करे खातिर आपके आशीर्वाद मांगत हव आप मोला अपन आशीर्वाद अपन लइका जान के दे अपन सेवक जान के दव।11 तारीख अऊ कमल बटन बस याद रख हू। मंच को जिलाध्यक्ष अजय साहू पार्षद शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू प्रदेश मंत्री राजेंद्र शर्मा अजय शर्मा हर्षवर्धन तिवारी पार्षद प्रत्याशी वार्ड 20 अशोक शर्मा अनिल माहेश्वरी आदि ने संबोधित कर जन सहयोग और आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में लक्की साहू पार्षद प्रत्याशी 21 राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा मनोज मिश्रा सुयश तिवारीविनय साहू संदीप यादव किशोर गुप्ता लोकेश सिंहा नयन साहू महेश्वर साहू हिरेंद्र घृतलहरे धर्मेंद्र साहू सावित्री रजक प्रमिला साहू समुदा कुमारी कांति साहू रमाबाई साहू किरण साहू सविता साहू संतोषी साहू भारती साहू ताराबाई साहू वाटिका साहू वर्षा रजक श्यामा साहू का सहयोग रहा।

# जूदेव स्मृति गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कश्मीर यूनाईटेड को एफसी ओडिशा ने किया पराजित

## मैन ऑफ द मैच सुदीप ने अपनी टीम के लिए किया एक मात्र गोल




पायनियर संवाददाता ◂ जशपुर
www.dailypioneer.com

8 फरवरी से शहर के रणजीता स्टेडियम में खेले जा रहे स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का दूसरा मैच रविवार को सुदरगढ़ एफसी ओडिशा और कश्मीर यूनाईटेड के बीच खेला गया। आज के मुख्य अतिथि भूतपूर्व फुटबॉलर महावीर सिंह ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच आरंभ कराया। रविवार को प्रतियोगिता के दूसरे मैच में कश्मीर यूनाइटेड और सुंदरगढ़ एफसी ओडीशा की टीमों के बीच मैच खेला गया। इस मैच में शुरू से ही सुंदरगढ़ की टीम ने छोटे-छोटे ग्राउंड पास से आकर्षक फुटबॉल खेली और शुरू से मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। सुंदरगढ़ की टीम ने कश्मीर के गोल पोस्ट पर कई आक्रमण किया जिसे कश्मीर की मजबूत डिफेंस ने नाकाम कर दिया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें गोल काम करने में नाकाम रहीं, और पहला हाफ बराबरी पर छूटा। दूसरे हाफ में मैच के 55 मिनट में मैच का पहला और एकमात्र गोल सुंदरगढ़ एफसी ओडिशा की ओर से टीम के 90 नंबर खिलाड़ी सुदीप में शानदार गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिला दी। मैच कमिश्नर थे विश्वजीत भट्टाचार्य, जबकि मुख्य रैफरी की भूमिका में मुकेश भगत और सहायक रैफरी के रूप में दया यादव और लालकेश्वर ने अपनी भूमिका निभाई। सोमवार का प्रतियोगिता का अगला मैच लूका एफसी केरला और कालीघाट एफसी कोलकाता के बीच खेला जाएगा।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न


## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार, 09 फरवरी 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बेमेतरा जिले में परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था और अनुशासन की सख्त निगरानी की गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकी। प्रथम पाली, जो सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित की गई, में प्रारंभिक सामान्य ज्ञान परीक्षा हुई। इस पाली में 2149 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1503 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 646 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में, दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित एप्टीट्यूड टेस्ट में कुल 1480 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 669 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बेमेतरा जिले में परीक्षा संचालन के लिए कुल 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनका निरीक्षण स्वयं जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया। कलेक्टर ने परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित छात्रों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक संसाधनों, जैसे पीने के पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया था, जो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की घटनाओं पर सख्त नजर रखे हुए थे। इसके अलावा, परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हों। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता या समस्या को तुरंत रिपोर्ट करें और सभी व्यवस्थाओं का सख्ती से पालन करें। इस प्रकार, बेमेतरा जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का सफल और शांतिपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर जशपुर जिले के कुनकुरी सीईओ की आयी प्रतिक्रिया




पायनियर संवाददाता ◂ जशपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव रामानुजगंज में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रमन अग्रवाल को हराने लिए उनके पार्टी के ही लोगो द्वारा हेलो रामानुजगंज फेसबुक पर एक कमेंट्स डाला गया है जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि रामानुजगंज नगर पालिका के चुनाव में क्या पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अपनी संख्या की ताकत दिखाएंगे या फिर से झोला ढोने की तैयारी कर चुके हैं। इस पोस्ट को डालने के बाद जशपुर जिले के कुनकुरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उस फेसबुक में कमेंट लिखा किजातिगत आधार पर वोटिंग करना किसी भी लोकतंत्र में योग्य उम्मीदवारों के चयन में बाधाकारक होता है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार के चयन का आधार योग्यता होनी चाहिए जाति नहीं उसके बाद अजय गुप्ता ने अपने कॉमेंट्स में लिखा कि संविधान में जब आरक्षण प्रक्रिया का प्रावधान है और जिस जाति वर्ग की संख्या ज्यादा है उसके आधार पर आरक्षण तय किया जाता है और उस वर्ग को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए ।ओबीसी की संख्या अधिक होने के बाद भी आरक्षण सरकार के द्वारा नहीं दिया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी तरह लगभग 10 लोगों के द्वारा लाइक भी किया गया है। अब सवाल यह उठता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में आचार संहिता लागू है और एक लोक सेवक के द्वारा प्रतिक्रिया फेसबुक पर व्यक्त करने की इतनी खुली छूट किसने दी है। इस बात की चर्चा पूरे रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में बड़ी जोरों से चल रही है। एक ओर राज्य शासन के द्वारा प्रत्येक जिले में चुनाव आयोग के माध्यम से जो समिति का गठन की गई है उस समिति के लोग या तो लापरवाही बरत रहे हैं या फिर कॉमेंट्स लिखने वाले लोक सेवक को दंडित नहीं करना चाहते यह एक बड़ा सवाल है? उक्त संबंध में जशपुर जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि पहले वह बगीचा जनपद पंचायत के सीईओ हुआ करते थे अब उनको कुनकुरी में पदस्थ किया गया है।

# खेती के लिए 18 घंटे बिजली नहीं दी तो किसान बिजली ऑफिस और जिला प्रशासन का अनिश्चित कालीन घेराव करेंगे

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति से रवि फसल चौपट होने के कगार पर। गांव में जबरदस्ती थोपे जा रहे प्लांट को 24 घंटे बिजली।दस साल तक मुफ्त दे रही है सरकार।ऐसा अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे किसान यह कहना है बसनी पर्थरा क्षेत्र के सिद्दीकी खान और अजिताभ मिश्रा का इन लोगों ने बताया कि रांका सहित इस अंचल के 20 से अधिक गांव में रवि फसल की स्थिति को लेकर किसानों के माथे पर परेशानी की लकीरें गहराते जा रही है।अटल ज्योति योजना के तहत कहां किसानो को कृषि कार्यों के प्रतिदिन 18 घंटा बिजली आपूर्ति की जानी चाहिए वहीं इसके विपरीत 18 घंटे की कटौती की जा रही है।केवल 6 घंटे की ही बिजली किसानो को मिल पा रही है।यही कारण है कि रवि फसल पकने के पहले सूखने के कगार पर पहुंचने लगी है,वही। ग्रीष्म कालीन धान फसल के स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। एक ओर सरकार किसान हितैषी होने के साथ सरप्लस बिजली का ढिंढोरा पीट रही वही दूसरी ओर किसानो को उनके हाल पर लाकर ऐसे ही छोड़ रखी है। जहां कोई सुनवाई भी नहीं हो रही,वहीं इस क्षेत्र में खुलने वाले एथेनाल प्लांट को भरपूर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।बाहर से आए हुए उद्योगपति के लिए इतने मेहरबानी और जिनके वोटो से सरकार बनी है उनके साथ ऐसा सौतेला व्यवहार ऐसा क्यों किसानो को समझ नहीं आ रहा है। वहीं धान बेच चुके किसानों के खाते में 15 दिनों बाद भी धान का पैसा नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे किसानों में एक अलग तरह की बेचैनी का माहौल है। इस क्षेत्र में रवि और ग्रीष्म कालीन धान से काफी समृद्धि आई है ,परन्तु इस वर्ष की बिजली के हालात ने किसानो के माथे की लकीर को गहरा दिया है। सोमवार को किसान इस के लिए बिजली विभाग और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा कर मांग रखने की तैयारी में है।निर्धारित समय सीमा के अंदर किसानो के लिए 18 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती है तो एक और बड़े आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर किसान संघर्ष के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। एथेनाल विस्थापन के लिए संघर्ष रत किसानों के आंदोलन के बाद ये आंदोलन एक बार फिर से जिला प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है।किसानो को ओर से चोवा राम साहू,गिरवर यादव,रामकुमार साहू,निपेंद्र साहू, दुर्गू निषाद, उत्तम चेलक,महावीर साहू,पूना राम साहू,विनोद धृतलहरे,लक्ष्मण साहू, सहित सैकड़ों की संख्या में किसान सोमवार को संभागीय अभियंता,और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। तत्पश्चात निर्धारित अवधि में निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पर्वतारोही निशा यादव को किलिमंजारो फतह पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की बेटी और पर्वतारोही निशा यादव को अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी किलिमंजारो (5895 मीटर) पर भारत का तिरंगा लहराने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि निशा की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प, संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल है। निशा की सफलता ने यह साबित कर दिया कि संकल्प और समर्पण से कोई भी शिखर असंभव नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी निशा की सफलता संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक गौरवशाली उपलब्धि है। निशा ने अपने परिश्रम और साहस से प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि कुछ महीने पहले बिलासपुर में निशा से मुलाकात हुई थी, जहाँ उन्होंने उसके संकल्प को देखकर उसे 3.45 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की थी,




ताकि वह अपने लक्ष्य को पूरा कर सके। जब निशा ने किलिमंजारो पर विजय प्राप्त कर तिरंगा फहराया है, तो यह साबित हो गया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

### कठिनाइयों के बावजूद नहीं छोड़ा सपना, सरकार ने दिया समर्थन

निशा यादव का सफर आसान नहीं था। बिलासपुर जिले के एक ऑटो चालक की बेटी होने के बावजूद उन्होंने अपने सपने को साकार करने का साहस दिखाया। सीमित संसाधनों के बावजूद, उन्होंने कभी अपने हौसले को कमजोर नहीं होने दिया और पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि निशा की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह संदेश देती है कि अगर आपमें जज़्बा और समर्पण है, तो कोई भी कठिनाई आपको अपने लक्ष्य तक पहुँचने से रोक नहीं सकती। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेल और साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की बेटियों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

# पानी बचाओ अभियान किसानों एवं जिले वासियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में पानी की बचत एवं भूजल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिला प्रशासन द्वारा कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों तथा आम जनता के सहयोग से चलाई जा रही पानी बचाओ अभियान किसानों एवं जिले वासियों के लिए हर दृष्टि से अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। जिला प्रशासन के पानी बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल उत्पादन के लिए प्रेरित करने का यह महत्वपूर्ण कार्य जिले में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा भूजल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ किसानों के आमदनी का भी बेहतर स्त्रोत बन गया है। जिला प्रशासन के इस सराहनीय पहल के फलस्वरूप अपने खेतों में ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्के का फसल का उत्पादन करना जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव के आदिवासी कृषक श्रवण कुमार के लिए अत्यंत लाभकारी कदम सिद्ध हुआ है। आज से कुछ साल पहले तक गर्मी के सीजन में धान का उत्पादन करने वाले किसान श्रवण कुमार के



लिए गर्मी के सीजन में अपने लगभग 02 एकड़ जमीन में मक्के के पैदावार से धान की तुलना में उसे दुगुनी आय प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन के इस अभिनव प्रयासों के फलस्वरूप किसान श्रवण कुमार ने लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में मक्का फसल का उत्पादन कर 88 हजार रुपये से अधिक की शुद्ध आमदनी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि 02 एकड़ भूमि में मक्का के उत्पादन करने में खाद, बीज एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए लगभग 11 हजार 800 रुपये का कुल खर्च आया। जिला प्रशासन की इस बेहतरीन पहल की सराहना करते हुए किसान श्रवण कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा ग्राम छिंदगांव के अपने पैतृक भूमि में लगातार ग्रीष्मकालीन धान का उत्पादन किया जा रहा है। एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा हम किसानों को धान के बदले अन्य फसल पैदावार के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किए गए किसान चैपाल से प्रेरित होकर मैंने ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने का निर्णय लिया। इसके पश्चात् मैंने रबी सीजन 2024 में अपने लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में मक्के का फसल लगाया। इस फसल के उत्पादन में खाद, बीज के लिए बहुत ही कम राशि लगने के अलावा पानी की खपत भी न के बराबर हुई। इस तरह से मात्र 11 हजार 800 रुपये की राशि के कुल खर्चे में उसे मक्के की बिक्री 01 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस तरह से उन्होंने 02 एकड़ में मक्के की खेती कर 88 हजार 200 रुपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त की। किसान श्रवण कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्के के फसल का उत्पादन करना उनके लिए हर दृष्टि से लाभप्रद एवं अत्यंत कारगर सिद्ध हुआ। उन्होंने बताया कि मक्के के अवशेष को आगामी खरीफ वर्ष में अपने खेतों में सड़ाया जिससे उनके खेतों के संरचना में सुधार हुई। जिसके फलस्वरूप इस वर्ष खरीफ सीजन में उनका धान का उत्पादन प्रति एकड़ 03 से 04 क्विंटल बढ़ गया। जिससे मैं प्रभावित एवं प्रेरित होकर मैंने मौजूदा रबी सीजन में भी मक्के का फसल उत्पादन करने हेतु कृषि विभाग डौण्डी से मक्का बीज लेकर अपने खेतों में फिर से मक्के का फसल लगाया हूँ, फसल बहुत ही अच्छी है। उन्होंने कहा कि इस तरह से जिला प्रशासन की प्रेरणा से ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन करना हम किसानों के लिए हर दृष्टि से अत्यंत किफायती एवं लाभप्रद है। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन करना पानी के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

# भाटापारा नगपा में कमल खिलेगा विश्वास है : बृजमोहन





## मेरा ग्रेंटर है परंतु कांग्रेस का कोई ग्रेंटर नही- अश्विनी शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा का आम रोड शो हुआ। जिसमे 10 हजार से अधिक संख्या मे नगरवासियों सहित भाजपा कार्यकर्तागण व वरिष्ठ भाजपा नेतागण शामिल रहे। जिसमे मुख्य रुप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, चुनाव प्रभारी देवजी भाई पटेल, जिलाध्यक्ष आनंद यादव सहित अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के उम्मीदवार अश्वनी शर्मा एवं 31 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशिगणो का भव्य रोड शो हुआ। जो कि पैदल मार्च करते हुये कृषि उपज मंडी के सामने से प्रारम्भ होकर बस स्टैंड चौक होते हुए सती मंदिर, सदर लाइन, गोविन्द चौक, रामसप्ताह चौक, जयस्तम्भ चौक, फ्व्वारा चौक होकर महारानी चौक होते हुये लोकोत्सव मैदान मे विशाल आमसभा का आयोजन हुआ।

### रोड-शो मे जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का रोड शो मे व्यपारिय वर्ग व सामाजिक वर्ग के द्वारा भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। वही लोकोत्सव मे सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने उदबोधन मे नगरवासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि नगर का विकास कराना है तो नगपा मे भाजपा का फूल खिलाना अतिमहत्वपूर्ण है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि नगपा मे भाजपा की सत्ता आने पर केन्द्र व राज्य स्तर के हर योजनाओं का लाभ मिलेगा। अप्रैल से छूटे हुये लोगों को महतारी वंदन योजना का लाभ। बिजली बिल व पालिका टेक्स के आधार पर आवास सुविधा का लाभ आदि अनेक योजना व विकास की संरचना होगी।

### मेरा ग्रेंटर है परंतु कांग्रेस का कोई ग्रेंटर नही : अश्विनी शर्मा

भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने कहा कि शहर विकास के ग्रेंटर के लिये मेरे पास आप लोगों के समक्ष ग्रेंटर है परंतु आज के समय मे कांग्रेस के पास कोई ग्रेंटर नही है। कांग्रेसीयों के पास कोई मजबूत उपलब्धिया नही है कांग्रेस का काम आरोप प्रत्यारोप करना रहा है नगर विकास को लेकर व जनता के पास जाने के लिये विजन होना जरूरी है भाजपा का नगपा मे सत्ता आने पर भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को खत्म करेंगे।

### भाटापारा नगपा मे कमल खिलेगा विश्वास है-बृजमोहन अग्रवाल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आम सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि नगर मे कमल खिलेगा इसका मुझे विश्वास है। भाजपा के सत्ता मे आने पर हर स्तर पर लक्ष्मी की कृपा होगी। वही मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा की शहर को जो भी उपलब्धि मिली है उसमें शिवरतन शर्मा का विशेष योगदान रहा है। जो पार्टी जनता के लिये सोचते है उनके बारे मे हमे भी समय आने पर सोचना अवसर देना हम सबकी जवाबदारी है। भाजपा प्रत्याशी अश्विनी शर्मा का ग्रेंटर है परन्तु कांग्रेस का नही है।

# राधा माधव के पीठाधीश्वर को महामंडलेश्वर धोषित किये जाने के बाद शाल व श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

## 7 एकड़ में फैले आश्रम में गौशाला निर्माण की आवश्यकता, श्रद्धालुओ व दानदाताओं से सहयोग की अपील

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के किनारे विकास खंड के ग्राम पंचायत घाटकछार के आश्रित ग्राम मुरमुरी में स्थित श्री राममाधव सेवाश्रम के पीठाधीश्वर पंडित ईश्वर दास महाराज को महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किए जाने के बाद सरायपाली के पत्रकारों दिलीप गुप्ता , भगवान दास अग्रवाल व सुरेश गुप्ता द्वारा सेवाश्रम जाकर उनका शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ व ओडिशा राज्य के सीमा पर ग्राम मुरमुरी ( घाटकछार ) के मुख्य मार्ग पर स्थित श्री राममाधव सेवाश्रम संचालित हैं । इस सेवाश्रम के पीठाधीश्वर पंडित ईश्वरदास जी महाराज को उनके सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व समाज कल्याण में उनकी अहम भूमिका को देखते हुवे प्रयागराज में सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा महामंडलेश्वर पद प्रदान करते हुवे उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया था। इस तरह का सम्मान सरायपाली के साथ ही आसपास के अन्य नगरों में किसी को भी इस पद से सुशोभित नही किया गया है । इस सम्मान से सरायपाली क्षेत्र काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है । ज्ञातव्य हो कि श्री राधा माधव सेवाश्रम पिछ्ले कई वर्षो से यहां संचालित है व आये दिनो सनातन धर्म से संबंधित प्रवचन व गोष्ठियों का आयोजन यहां होते रहते हैं । यह सेवाश्रम एक आकर्षक पिकनिक स्थल के रूप में भी प्रचारित हो रहा है । इस संबंध में सेवाश्रम परिसर में श्री राममाधव सेवाश्रम के पीठाधीश्वर ईश्वरदास जी महाराज ने सेवाश्रम की जानकारी देते हुवे बताया कि यह सेवाश्रम विगत 2013 से संचालित है । परिसर में मां बगुला देवी का मंदिर भी स्थापित किया गया है । समिति के माध्यम से यह सेवाश्रम संचालित किया जाता है । वर्तमान में यहां अभी 7 सेवादार हमेशा सेवा के लिए उपस्थित रहते हैं । सहकारी समिति से बाकायदा रजिस्टर्ड संस्था है । समिति का रजिस्ट्रेशन सन 20/2/2017 में कराया गया था । लगभग 7 एकड़ में फैले इस स्थान पर उनकी हार्दिक इच्छा है कि यहां एक गौशाला व गौ आश्रम का निर्माण हो सके । हिन्दू शास्त्रों के अनुसार जिस आश्रम में गौमाता नही वह आश्रम नही कहलाता है । इसके साथ ही राजमार्ग के किनारे स्थित होने के कारण गर्मी व अन्य दिनों में यहां शीतल पेयजल की बहुत दिक्कतों का सामना राहगीरों , ट्रक चालकों व परिवार जे साथ सफर करने वालो को होने के कारण इन समस्याओं को देखते हुवे परिसर के बाहर एक वाटर कूलर लगाने की हार्दिक इच्छा है उसके लिए कोई दानदाता सहयोग करता है तो यह बहुत ही पुण्य का कार्य होगा । गौमाताओं व जानवरो के लिए पानी हौज का निर्माण किया जाना है जिससे जानवरो को शुद्ध पानी मिल सके । परिसर के अंदर आगामी दिनों में रंग बिरंगे फूलों के पौधे भी लगाए जाएंगे ताकि सुंदरता और बढ़ सके ।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों को जिताने की अपील की गई

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्थानीय रामलीला मैदान मे आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। जहाँ पर हजारों के संख्या मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस के सरकार के समय सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा जा रहा था जिसमे किसान व व्यापारी प्रमुख रहे है उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार के घटना जो घटित हुई उसके लिये सरकार दोषी रही लौहारडीह का घटना भी निंदनीय रहा। भाजपा कि सरकार ने कई महापुरुषों के नाम से चल रही योजनाओं को भी बंद कर दिया। हमारी सरकार गेम चेंजर थी सत्तापक्ष महापुरुषों के नाम से संचालित योजनाओं मे नेमचेंजर बनकर कार्य कर रही है इस सरकार मे कोई भी नया राशन कार्ड नही बन रहा है महातारी वंदन योजना मे एक बार नाम जुडने के बाद दूसरा नाम नही जोडा जा रहा है सत्ता पक्ष किसानों का धान नही खरीदने के मानसिकता मे थी हमारे विरोध करने पर किसानों का धान खरीदा गया। भूपेश बघेल ने कहा कि शहर मे आतंक व भ्रष्टाचार व्याप्त रहा है और इस विसंगति को जनता ही ठीक कर सकता है उन्होंने कहा कि जनता के वोट मे वह ताकत है जो अर्श से फर्श पर उतार सकता है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल व 31 वार्डो के कांग्रेस प्रत्याशी को जीताकर कांग्रेस कि सत्ता नगर पालिका मे बैठाये तो नगर कि जनता को हर अवसर व मौके का लाभ मिल सकता है।

### कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी को मौके का मुहर अब जनता पर निर्भर : सतीश अग्रवाल

कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन ने अध्यक्ष प्रत्याशी के रुप मे मुझे अवसर दिया है परंतु उस पर जनता का मुहर लगना बाकी है जिसके जनादेश से कांग्रेस कि सत्ता नगर पालिका मे बैठ सके सतीश अग्रवाल ने कहा कि जनता नगपा अध्यक्ष प्रत्याशी के रुप मे मुझे अवसर देता है तो मे हर परस्थिति मे जनता के लिये उपलब्ध रहूंगा। वही विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जिस तरह क्षेत्र कि जनता ने कांग्रेस के विधायक को क्षेत्र से जिताया है उसी तर्ज पर नगपा से कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी व 31 पार्षदों को जनादेश देकर नगर के सत्ता मे बैठायेगी। वही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका मे कांग्रेस कि सत्ता बैठैगी सत्तापक्ष हर स्तर पर मापदंड अपना रही है परंतु जनता इन मापदंडों का स्पष्ट बहुमत से करारा जवाब देगा। कार्य म का संचालन सुशील शर्मा द्वारा किया गया। उक्त अवसर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण मे सुनील माहेश्वरी, बसंत भृगु, अरुण यदु सहित नेता व कार्यकर्तागण भारी संख्या मे मौजूद रहे।

# नगर विकास के लिये विजन, संपर्क व संस्थान से नियंत्रण आवश्यक : शिवरतन शर्मा

## व्यापारिक वर्ग के सम्मेलन मे, शिवरतन शर्मा ने कहा रुटिंग वर्क के कार्यों मे समय सीमा होगी निर्धारित



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्थानीय महेश्वरी भवन मे व्यापारी सम्मेलन का आयोजन रखा गया जिसमे चैम्बर आफ कामर्स के व्यपारी गणों द्वारा उनके व्यापरिक हितो व मूलभूत सुविधाओ को लेकर नगरी निकाय चुनाव को लेकर अपनी बातों को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा के समक्ष रखा। जिस पर नगरीय निकाय चुनाव मे सत्ता मे आने पर व्यापारियों के हितों व मूलभूत सुविधाओं को भाजपा के संकल्प पत्र मे उल्लेख किये जाने कि बाते कही गई है।

### भाजपा के संघर्ष के समय मे छोटे तबके व मध्यम वर्ग के व्यापारियों का सहयोग मिला

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आयोजित व्यापारी सम्मेलन मे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा के संघर्ष के समय छोटे तबके व मध्यम व्यापारी वर्ग का भरपुर सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि भाटापारा के व्यपार का सबसे बडा लाईफलाईन भाटापारा का कृषि उपज मंडी ही है और इसी कारण मंडी अच्छे से व्यस्थित रुप से चले हमारा प्रयास रहता है।

### सत्ता मे आने पर रुटिंग वर्ग के कार्य के लिये समय सीमा निर्धारित

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि नगपा मे भाजपा का सत्ता शासन बैठता है तो रुटिंग वर्क के कार्य नामांतरण, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण, नक्शा, पेंशन, राशन कार्ड आदि रुटिंग के कार्यों के लिये निश्चित समय सीमा का निर्धारित करेंगे। वही मूलभूत सुविधाएं साफ सफाई, खेल, गार्डिनिग, शिक्षा को लेकर कोचिंग इंस्टीट्यूट आउटडोर व इन्डोर स्टेडियम के रुके हुये कार्य, बन्द पडे अन्डर ब्रीज के कार्य को पूरा कराये जाने कि बात कही गई। जो कांग्रेस शासन काल मे नही हो पाया। वही प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन ने कहा नगपा मे कांग्रेस के पिछ्ले शासन काल मे कमीशनखोरी के खेल के चलते कई जनकल्याणकारी विकास नही हो पाया।

### चुनाव हार जाने से नैतिक दायित्व खत्म नही होता- शिवरतन शर्मा

शिवरतन शर्मा ने कहा कि राजनीति मे हार जीत लगा रहता है व किसी भी नेता का चुनाव हार जाने से उस क्षेत्र के प्रति नैतिक दायित्व खत्म नही होता परंतु क्षेत्र के कांग्रेसी किंगमेकर शहर के विकास को लेकर हाथ खींच लिये उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता मे आते ही क्षेत्र के लिये 500करोड़ रुपये का कार्य स्वीकृत कराया। वही 90 करोड़ के लागत से सबस्टेशन रोहरा से बनाया गया जो कि अप्रैल माह से कार्य प्रारंभ होने की बात कही गई। वही भाटापारा नगपा को 1 साल मे 18 करोड़ रुपये का विकास कार्य शहर हित के लिये स्वीकृति दिये जाने कि बात कही परंतु किसी कांग्रेसी नेता ने 1 रुपये का भी स्वीकृति नही कराया जो कि इनके कार्य करने के इच्छाशक्ति के अभाव को दर्शाता है जिसका आकलन नगरवासी गण ही कर सकते है।

### नगर विकास के लिये विजन, संपर्क व संस्थान से नियंत्रण आवश्यक

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि नगर विकास के लिये विजन, संपर्क, व संस्थान से नियंत्रण आवश्यक है जो कि भाजपा मे ये सभी गुण मौजूद है जो सामूहिक निर्णय पर चलता है भाजपा संगठन मे केन्द्र से लेकर मंडल ईकाई तक नियंत्रण है और इन सबके लिये नगरीय निकाय चुनाव मे सबका सहयोग मिलना आवश्यक है जो नगपा मे 31 वार्ड के पार्षद व अध्यक्ष प्रत्याशी सत्ता मे बैठ सके।

### भाजपा जो कहती है वह करती है- अश्विनी शर्मा

भाजपा के नगपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है नगर विकास को लेकर हमारा संकल्प पत्र तैयार और सत्ता मे आने पर सभी कार्यो को पूरा किया जायेगा। अश्विनी शर्मा ने कहा कि पिछले कांग्रेस शासन काल मे कमीशनखोरी हावी रहा जिसके कारण शहर के विकास को लेकर कोई सरोकार नही रहा। सफाई व्यवस्था मे दिन मे दो बार कचरे का उठाल किया जायेगा बंद पडे अन्डर ब्रीज को खोला जायेगा महिलाओं के लिये शौचालय व्यवस्था आदि मुख्य कार्य रहेंगे। जिसके लिये इसके लिये नगपा मे सत्ता बैठाने हेतु नगरवासियों का आशीर्वाद स्नेह व जनादेश मिलना अतिमहत्वपूर्ण है।

# निर्दलीय प्रत्याशी डागेश्वरी गंधर्व महिलाओं कार्यकर्ताओं के साथ किया सघन जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव2025 की सरगर्मी तेजी से जारी है।नगर पंचायत लवन में चुनाव प्रसार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशी जनसमुदाय के साथ नगर के वार्डो में घूमकर अपील करते हुए दिखाई दिये।वंही नगर पंचायत लवन में अध्यक्ष के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डागेश्वरी गंधर्व भी चुनावी मैदान में उतरी हुई है मतदाताओं से घर जा जाकर चरण छूकर आशीर्वाद मांग रही है।लोगों का अच्छा प्रतिसाद भी प्राप्त होने की जानकारी मतदाताओं से मीडिया को लगातार मिल रहा है।आपको बताते चलें कि इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस भाजपा उमीदवार के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी में डागेश्वरी गंधर्व भी परिवार के साथ नगर के प्रत्येक वार्ड में भ्रमण कर वोट मांगती हुए दिखी उनके साथ महिलाओं का काफिला भी बड़ी संख्या में दिखायी दिये।मतदान11 फरवरी को उस दिन मतदाताओं का आशीर्वाद किसे प्राप्त होगा देखने वाली बात है लेकिन



निर्दलीय प्रत्याशी का लहर कुछ अलग बयां करते हुए नजर आ रहा है।

# पूरोबी वर्मा द्वारा भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी तोरण लाल साहू के पक्ष में धुआंधार जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा की पूर्व अध्यक्ष पूरोबी वर्मा द्वारा भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी तोरण लाल साहू के पक्ष में धुआंधार जनसंपर्क एवं जोर-शोर से चुनावी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने दल्ली राजहरा के सभी 27 वार्डों में तूफानी दौरा कर लोगों से जनसंपर्क कर भाजपा उम्मीदवार तोरण लाल साहू को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की है।पूरोबी वर्मा के द्वारा जब से भाजपा के द्वारा तोरण लाल साहू को नगर पालिका अध्यक्ष के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है तब से लेकर लगातार उनके द्वारा हर गली मोहल्ला चौक चौराहा में आम सभा बैठक एवं रैली जुलूस कर लोगों को भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की आह्वन किया है विदित हो कि नगर पालिका दल्ली राजहरा की पूर्व अध्यक्ष पूरोबी वर्मा विगत 10 साल से दल्ली राजहरा नगर पालिका के पद पर रही। उनके द्वारा दल्ली राजहरा का यथोचित विकास किया गया। बिजली पानी सड़क शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दिशा में पूरोबी वर्मा का कार्यकाल काफी उल्लेखनीय रहा । भाजपा प्रवेश करने के पश्चात पूर्वमा के द्वारा एक स्टार प्रचारक के रूप में अब जाने पहचाने जा रही है उन्होंने महिला राजनैतिक हस्ती एंव नेत्री होने के साथ-साथ भाजपा की स्टार प्रचारक के रूप में भाजपा उम्मीदवार तोरण लाल साहू को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए कमर कस लिया है ।

# शांतिदेवी पारख का निधन



**उतई।** उतई निवासी श्रीमती शांतिदेवी पारख उम्र 95 वर्ष पति स्व मोहनलाल पारख का आकस्मिक निधन शनिवार रात्रि 11 बजे निवास स्थान मेन रोड उतई हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वह अजीतमल, हरीश, सतीश पारख, ललिता बांठिया, मीना चोपड़ा, पुष्पा झाबक की माता तथा रूपेश, नितेश, शुभम, मयंक, श्रेयांश, अनिता, रूपल, दिव्या, मुस्कान, मौसम, श्रुति की दादी थी।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// उपस्थिति हेतु सूचना//**

रा.मा.क्र. अ-6 वर्ष 2024-25 ग्राम बेलसोंडा प.ह.नं.-37
तह. व जिला महासमुन्द
पक्षकारः पूर्णिमाबाई धीवर पति हीरालाल धीवर
विरुद्ध
1. गोदावरी बाई बेवा स्व. बेदलाल चंद्राकर
2. मुस. शीला चन्द्राकर पिता बेदलाल चंद्राकर ग्राम बेलसोंडा
प्रति,
1. बेलाबाई पिता बेदलाल जाति कुर्मी ग्राम बेलसोंडा
2. नन्दकुमार, मोहनलाल, विनोद, मनोज, सत्यनारायण, त्रिवेणी, गंगा पिता अधारू, जाति कुर्मी ग्राम बेलसोंडा, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूर्णिमा बाई धीवर पतिं हीरालाल धीवर जाति ढीमर निवासी ग्राम बेलसोंडा तहसील व जिला महासमुंद ने आवेदन पेश किया है कि ग्राम बेलसोंडा पहनं. 37 तहसील महासमुंद स्थित भूमि खसरा नंबर 2074/2 के टुकड़ा रकबा 0.07 हे. को उसने विक्रता गोदावरीबाई पति बेदलाल चंद्राकर एवं शीला पिता बेदलाल चंद्राकर निवासी ग्राम बेलसोंडा तहसील महासमुंद से पंजीकृत बैनामा दिनांक 04.04. 2007 के माध्यम से क्रय किया है, जिसका नामांतरण नहीं हुआ है। उक्त क्रय की गई भूमि का नामांतरण किया जावे। उक्त आवेदन के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आप हितबद्ध पक्षकार हैं।

इस न्यायालय में उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 19/02/2025 नियत है जिसमें आप अपना पक्ष रखने के लिए स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। उक्त तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तदनुसार आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
महासमुंद (छ.ग.)

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं रामदुलारी बृजकिशोर आयुर्वेदिक औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं रामदुलारी बृजकिशोर आयुर्वेदिक औषधालय आमसेना, (ओड़िशा) के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 9 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक किया गया। जिसमें आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर शिविर का लाभ लिया। और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य एवं जन समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग से डॉक्टर कमलाकांत भोई, मूत्र रोग विभाग से डॉक्टर अरुण केरकेट्टा, नेत्र रोग विभाग से डॉक्टर उमेशचंद्र तिवारी एवं डॉक्टर सौम्या गोयल, चर्म रोग विभाग से डॉक्टर अतुल मोहनकर एवं डॉक्टर महिमा कांचवानी, हड्डी रोग विभाग से डॉक्टर अर्चित वर्मा, मेडिसिन विभाग से डॉक्टर ओम बापट एवं डॉ. नरेश वर्मा, स्त्री रोग विभाग से डॉक्टर श्रेया गिदोदा एवं डॉ. अदिति जादव एवं सहायक चिकित्सकों में डॉ. विजय सतपति, डॉ. धनेश ढीढी डॉक्टर माधुरी बिसेन एवं नेत्र सहायक वेद प्रकाश यादव, सहायक नरेश यादव, नर्सिंग स्टाफ में वर्षा, नमिता एवं मीना और अस्पताल प्रबंधन टीम से आशुतोष खडका, राजीव दास एवं सालिक साहू उपस्थित रहे। गुरुकुल आश्रम आमसेना के प्रबंधन टीम एवं समस्त ग्राम वासियों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर देवेंद्र नायक एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का स्कोर होगा जीरो

## कांग्रेस मुक्त भारत का सपना जल्द होगा साकार-रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री एवं रामानुजगंज विधानसभा के विधायक राम विचार नेताम ने दिल्ली विधानसभा में मिली जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत मुक्त कांग्रेस पार्टी का शुरुआत दिल्ली विधानसभा सेईट हो चली है कांग्रेस के गलत नीतियों के कारण दिल्ली विधानसभा में डबल 00 परफॉर्मेंस रहा। दिल्ली की शिक्षत जनता जर्नादन अपना मत भारतीय जनता पार्टी को देकर यह साबित कर दिया है कि घपला और घोटाला करने वाले राजनीतिक दलों को कभी भी अपना मत नहीं देंगे। यह दिल्ली की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति जनविश्वास की जीत है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का मतदान 11 फरवरी को होना है और इस चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगी। साथ ही भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी और सभी नगरीय निकाय क्षेत्र में भरपूर विकास भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एक भी सीट न मिलना और आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं और खुद मुख्यमंत्री रहे अरविन्द केजरीवाल की हार से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल घोषणाएं नहीं उन्हें विकास चाहिए,जनता को अपना हक चाहिए और इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली का नेतृत्व करने का अवसर दिया है। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा सरकार की विकासवादी नीतियों से पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 1 वर्ष के अंदर करोड़ों रुपए के विकास कार्यो की सौगात छत्तीसगढ़ प्रदेश वासियों को मिल चुकी है। और आगे भी जन भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य किया जाएगा।

जनता भी इस चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने और नगरीय निकाय चुनाव में शून्य के स्कोर पर बाहर का रास्ता दिखाने और भाजपा के सुशासन को स्थापित करने के लिए संकल्पबद्ध है। 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में जनता संकल्प के साथ भाजपा प्रत्याशियों को अपना वोट देकर 15 फरवरी को ट्रिपलइंजन का सरकार बनाएगी।

# विकासखंड स्तर के 3 सेक्टर अधिकारियों को नोटिस जारी

**सुकमा।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु द्वितीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत कोंटा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंटा में 07 फरवरी शुक्रवार को आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंटा पी श्रीनिवास राव, वन क्षेत्रपाल जगरगुण्डा नारायण सिंह सलाम, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग कोंटा प्रकाश कुमार प्रधान को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिवस के अंदर समाधानकारक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने लेख किया गया है।

# निकाय चुनाव में शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : रमनलाल

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने अपने दल बल के साथ शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने हेतु स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए सीसीटीवी कैमरा, बैरिकेटिंग व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। नगर पंचायत कुसमी, राजपुर, वाड्रफनगर और नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज में निर्धारित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इसके लिए सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार जारी गाइडलाइन के तहत शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने हेतु कहां गया है इस दौरान यदि किसी के द्वारा शांति व्यवस्था भंग की जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एनटीपीसी सीपत के द्वारा संविदा कर्मियों के लिए खेल-कूद महोत्सव 2025 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी लिमिटेड के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एनटीपीसी सीपत के द्वारा संविदा कर्मियों के लिए खेलकूद महोत्सव 2025 का आयोजन दिनांक 09.02.2025 को डॉ. भीम राव अंबेडकर स्टेडियम में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी सीपत) एवं अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के द्वारा किया गया । इस खेलकूद महोत्सव के अंतर्गत संविदा श्रमिकों के लिए विभिन्न तरह के खेल जैसे किक द बॉल, हिट द स्टंप, गोला फेक, होल्ड द ब्रिक्स, बैक रेस आदि का आयोजन किया गया। इस खेल कूद प्रतियोगिता का उद्देश्य एनटीपीसी सीपत में कार्यरत संविदा श्रमिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने की है। इस खेल-कूद प्रतियोगिता के आयोजन में लगभग 300 से अधिक संविदा श्रमिकों ने भाग लिया। इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों ने एनटीपीसी सीपत प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी इसी तरह का खेलकूद का आयोजन हो जिससे की आपस में टीम भावना एवं भाईचारे का विकास हो। साथ ही वे पूरी क्षमता से एनटीपीसी सीपत की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया और विजेताओं को भी मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस आयोजन में यूनियन, एशोसियेशन और स्पोर्ट्स कार्उसिल का अहम सहयोग रहा ।





# जनता जर्नादन करेंगी फैसला, भाजपा की हैट्रिक या कांग्रेस की वापसी

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका चुनाव इस बार बेहद रोचक मोड़ पर खड़ा है। जहां पिछले 10 वर्षों से भाजपा का कब्जा रहा है, वहीं इस बार कांग्रेस पूरी ताकत झोंक रही है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार भाजपा के रमन अग्रवाल और कांग्रेस के मधु गुप्ता चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। दोनों का राजनीतिक कद बड़ा है और वे पहले भी नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में जनता के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि क्या भाजपा अपनी जीत की हैट्रिक पूरी करेगी या कांग्रेस इसे रोककर सत्ता में वापसी करेगी। रामानुजगंज में भाजपा का मजबूत पकड़ पिछले दो कार्यकाल से बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर भाजपा की योजनाओं और विकास कार्यों का जनता पर क्या असर पड़ा है,यह चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा। मधु गुप्ता का पिछला कार्यकाल भी उनके समर्थन में एक मजबूत आधार हो सकता है।

दूसरी ओर भाजपा केंद्र और राज्य की सत्ता में है, जिससे उसे सरकारी योजनाओं और संगठन की मजबूती का फायदा मिल सकता है। भाजपा के रमन अग्रवाल का संगठनात्मक अनुभव और उनका जनता से जुड़ाव उनकी बड़ी ताकत है। वे भाजपा के पुराने और भरोसे मंद चेहरे हैं, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर काफी पकड़ बनाई है। वहीं कांग्रेस के मधु गुप्ता भी अपनी सादगी और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, जिससे जनता में उनकी अच्छी पैठ बनी हुई है।

### चुनावी संघर्ष बेहद रोमांचक कौन पड़ेगा भरी

इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प है। एक ओर भाजपा की निरंतर जीत की परंपरा रही है,तो दूसरी ओर कांग्रेस ने सत्ता में वापसी की रणनीति बनाई है। यदि भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल रही कि उसने शहर के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं, तो उसकी जीत की हैट्रिक संभव है। वहीं यदि भाजपा अपने संगठन, राज्य सरकार के समर्थन और बदलाव के संदेश को ठीक से प्रस्तुत करती है,तो यह कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती होगी। जनता इस बार क्या फैसला करेगी, यह चुनाव परिणाम आने के बाद ही साफ होगा। फिलहाल, रामानुजगंज नगर पालिका का यह चुनावी संघर्ष बेहद रोमांचक और अप्रत्याशित नजर आ रहा है।

### युवा निर्दलीय प्रत्याशी कर रहा भरपुर प्रयाश

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नगर पालिका क्षेत्र के युवा नेता राहुल जीत सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उत्तर कर अपना भाग्य आजमाते हुए युवा वर्ग को साधने में लगे हुए हैं। प्रचार प्रसार में दोनों पार्टियों को अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कड़ी चुनौती देते हुए नगर वासियों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लगातार निवेदन कर रहे हैं। अब इनके निवेदन का कितना लाभ मिलता है यह तो शहर की जनता को तय करना ।

# सीजीपीएससी की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर के निर्देशन अनुसार 9 फरवरी 2025 को दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 04 परीक्षा केन्द्र का सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में पहुंची। इस दौरान उन्होंने बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। ज्ञातव्य है कि परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा डिप्टी कलेक्टर इन्दिरा मिश्रा को नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार राजपुर नरेन्द्र कुमार कंवर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उक्त परीक्षा परीक्षा केंद्रों में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर एवं शासकीय एकलव्य विद्यालय भेलवाडीह में दो पालियों मे प्रथम पाली, प्रातः 10:00 बजे से 12:00 एवं द्वितीय पाली, दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित कि गई थी।

## कार्यवाही करने के बजाए जिम्मेदार एक दूसरे पर थोप रहे हैं

# सड़क निर्माण में जंगल की खुदाई, कार्यवाही के नाम पर वन विभाग खड़ा कर रहे हैं हाथ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अति विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुँच के साथ-साथ बेहतर सड़क और दूरसंचार संपर्क और पीवीटीजी घरों और आवासों में स्थायी आजीविका के अवसर जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना है जिसके लिए तरह तरह की योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन कबीरधाम जिला में इसका मजाक बनाकर नियमो के विपरीत कार्य किया जा रहा है। जो समझ से परे है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में तो कही पर जंगल के पथरीली मिट्टी को पहाड़ से काट कर वही बराबर का रहे हैं तो कही पहाड़ की मिट्टी से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे जंगल में लगे पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है। जिस पर कार्यवाही करने के बजाए जिम्मेदार एक दूसरे पर थोप रहे है।

**सामान्य वन और निगम एक दूसरे थोप रहे :** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतरंग बकेला से मुरकी (करपीगोडन) तक 2. 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए मिट्टी या मुरूम डालकर समतल कार्य किया जाना है जिसके लिए बकेला बस्ती के बाहर और निर्माणाधीन सड़क किनारे तालाब है। उक्त तालाब की पश्चिम दिशा की ओर पहले खुदाई किया गया अब तालाब के दक्षिण दिशा में पहाड़ है पहाड़ की किनारे की खुदाई किया जा रहा है। जहां पर पूर्व में रोपित हुए बांस के पौधा (भीरा) और महुआ सहित अन्य पेड़ पौधा लगा हुआ है। उक्त पहाड़ के किनारे को सड़क ठेकेदार कुर्मी बेना कंस्ट्रक्शन कंपनी कवर्धा के द्वारा खुदाई कर सड़क में मिट्टी डाला जा रहा है। कार्यवाही करने के नाम पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया (प.)ने अपना क्षेत्र नहीं आने की जानकारी देते हुए संबंधित वन विकाश निगम के अधिकारी को जानकारी दिया लेकिन वन विकास निगम के अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को मौके पर भेजकर जांच कराया तो अपने एरिया से बाहर होने की बात कर रहे हैं। आखिर वहां पर लगे पेड़ पौधा और बांस की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसका है। यह बड़ी सवाल खड़ा होता हैं।

**बिना अनुमति की खुदाई :** मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार पहाड़ के किनारे जमीन वाले किसान से मिलकर पहाड़ की खुदाई कर रहे हैं जिससे किसान की जमीन जंगल की ओर बढ़ जाएगा और ठेकेदार को मुफ्त में बड़ी मात्रा में मिट्टी भी मिल जाएगा लेकिन इनके साठगांठ से जंगल का क्षेत्रफल और पेड़ पौधा की अवैध कटाई के साथ रकबा में भी कमी आते दिखाई दे रहा है।

**जिम्मेदार निर्वाचन कार्य में व्यस्त :** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहा है जिसके चलते अधिकारी कर्मचारियों की व्यस्तता चल रहा हैं जिसका भरपूर लाभ निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार उठा रहे है। उक्त संबंध में जानकारी लेने के लिए पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाए।

### नगरीय निकाय चुनाव में बुजुर्ग और नि:शक्तजनों को होम मतदान की सुविधा नहीं

**कांकेर।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देश पर वरिष्ठ और निःशक्त मतदाताओं को मतदान करवाने के लिये एक टीम बनाकर ऐसे मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान का कार्य सम्पन्न करवाते थे,किंतु नगरीय निकाय चुनाव में चुनाव आयोग का जिला रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश ना होने से वरिष्ठ और निःशक्त मतदाता मतदान किस तरह करेंगे इसको लेकर राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार और उनके वरिष्ठ नेता असमंजस में है,यदि प्रत्याशी अपने साधन से ऐसे मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुचाते है तो क्या आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नही हो जायेगा। वरिष्ठजन और निशक्त जनों को यदि यह सुविधा प्राप्त नही होती है तो बड़ी संख्या में मतदान से वंचित हो जायेंगे, अभी मतदान होने में तीन दिन का समय बाकी है, क्या चुनाव आयोग रिटर्निंग अधिकारियो को कोई निर्देश देती है या प्रत्याशियों को ऐसे मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुचाने की परमिशन देते है,नही तो ऐसे मत खराब होना तय है और ऐसे मतदाताओं को मतदान से वंचित होना पड़ेगा।

## मशरूम की खेती

**मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती हैं, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ ह्दय और ह्दय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।**



# मशरूम उत्पादन तकनीकी



पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।

## भारत में मशरुम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछ्ले कुछ वर्षों में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।

## आम वाईट बटन मशरूम



आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्ररोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) = 150-180 डिग्री से; नमी= 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अत=100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।

## ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ = प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्ररोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचांई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचांई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

## आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

## टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

## एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

## कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिगनिन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्टूटे को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अत=, इन सबस्टूट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

## स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

## कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्म100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

## मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## उठ्यमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

## फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छ्प्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयत= सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

## प्रणाली

छ्त मोटे छापर की तहो अथवा वरीयत=सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छ्प्पर की छ्त से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छ्त आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयत= दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्म2.5ङ्म2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

## विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-डुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

## अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुन=स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

## आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकर खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

## यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

## उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

## परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुन=जलित किया जा सकता है।

## रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

## रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) = यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण =फॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

## कीट

मक्खियां =देखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण = फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी = ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण =घर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा = ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण = क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

## अन्य कीटाणु

5.कृन्तक = कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण =मशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।



## इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अत=जब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।





## वादे निभाए हैं, वादे निभाएंगे
## हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे



# भाजपा पर है मेरा विश्वास, हर नगर का होगा विकास



### 25.4 लाख किसानों से

₹3,100 प्रति क्विंटल से खरीदा धान, DBT के माध्यम से ₹44,089 करोड़ का भुगतान



### कृषक उन्नति योजना

24.75 लाख किसानों को ₹25,300 करोड़ अंतर की राशि



### मोदी की गारंटी

13लाख किसानों को ₹3,716 करोड़, दो वर्ष का बकाया बोनस भुगतान



### महतारी वंदन योजना

विवाहित महिलाओं को ₹12,000/सालाना, अब तक कुल ₹7,832 करोड़ की सहायता



### 5 लाख 65 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को

सालाना ₹10,000, कुल ₹565 करोड़ की आर्थिक सहायता, देंगे हर वर्ष



### तेंदू पत्ता पारिश्रमिक

₹4,000 से बढ़ाकर ₹5,500 प्रति मानक बोरा

## 14 महीने लाभार्थियों के खातों में ₹81,502 करोड़

## कमल का बटन दबाएं भाजपा को विजयी बनाएं

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403